


# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 227 | ग्वालियर, शुक्रवार, 8 अक्टूबर, 2021 | ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## प्रियंका गांधी बोली

# लखीमपुर हिंसा की निष्पक्ष जांच करनी है तो गृह राज्य मंत्री को पद से इस्तीफा देना चाहिए

**लखनऊ।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की जांच को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि जांच सेवानिवृत्त नहीं बल्कि वर्तमान न्यायाधीश से कराई जाना चाहिए। प्रियंका गांधी ने गुरुवार को कहा कि अगर जांच निष्पक्ष करनी है तो गृह राज्य मंत्री को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। मृतक किसानों के परिजनों से मिलने के लिए बहराइच जाने से पहले प्रियंका गांधी वाड्रा ने यहां पत्रकारों से कहा, 'मेरे नजरिये में ही नहीं बल्कि परिवारों के नजरिये से भी इस मामले की सेवानिवृत्त न्यायधीश नहीं बल्कि उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायधीश से जांच करवानी चाहिए। मैं जांच पर टिप्पणी नहीं करना चाहती क्योंकि यह अभी शुरू ही नहीं हुई है लेकिन मैं इतना कह सकती हूं कि अगर जांच निष्पक्ष करनी है तो उस मंत्री (गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा) को इस्तीफा देना पड़ेगा क्योंकि वह गृह (राज्य) मंत्री हैं और यह सब उन्हीं के अन्तर्गत आता है। प्रियंका ने कहा, 'कल रात मैं लखीमपुर खीरी गई, तीनों परिवारों ने एक ही बात कही कि हमें मुआवजे से कोई मतलब नहीं है, हमें न्याय चाहिए, मंत्री (केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा) को बर्खास्त करना चाहिए। जिसने यह किया है उसे गिरफ्तार करना चाहिए। उन्होंने कहा,



पूरी पुलिस फोर्स निकाल दी हमें रोकने के लिये, सिर्फ हमें रोकने के लिए ही नहीं पीड़ित परिवारों के गांव के इर्दगिर्द भी पुलिस लगा दी ताकि कोई उनसे मिलने आये नहीं। लेकिन आपने अपराधी के लिये कोई पुलिस फोर्स नहीं निकाली। जिस दिन यह घटना हुई उस दिन पुलिस कहां थी? क्या पुलिस सिर्फ नेताओं को रोकने के लिए है? कांग्रेस महासचिव ने कहा, तीनों परिवारों ने एक ही बात कही कि हमें न्याय चाहिए। क्योंकि जब इस तरह का हादसा होता है तो परिवारों को एक यही राहत होती है कि जिन्होंने गलत किया, कम से कम उनको कुछ दंड तो मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ित परिवारों को जो पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिली है उसमें कुछ पढ़ा ही नहीं जा रहा है। प्रियंका ने कहा कि उन्हें (परिवारों को) फोटोकॉपी की भी फोटोकॉपी दी गई है।

### सिद्धू लखीमपुर खीरी रवाना, बोले- कल तक नहीं हुई आरोपियों की गिरफ्तारी तो करूंगा भूख हड़ताल



**मोहाली।** पंजाब कांग्रेस इकाई प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू ने यूपी के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में चुप्पी तोड़ते हुए किसानों की हत्या के खिलाफ गुरुवार को कांग्रेस का मार्च शुरू किया है। वह कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ लखीमपुर खीरी जा रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर कल (8 अक्टूबर) तक मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वह भूख हड़ताल पर बैठेंगे। मोहाली के एयरपोर्ट चौक से नवजोत सिंह सिद्धू का काफिला गुरुवार को लखीमपुर खीरी के लिए रवाना हो चुका है। इस दौरान वहां पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी भी मौजूद रहे। नवजोत सिंह सिद्धू के साथ पंजाब के कैबिनेट मंत्री और कुछ विधायक भी इस प्रदर्शन में शामिल हैं। सिद्धू ने कहा है कि कुछ भी हो जाए, लेकिन वह कर्तव्यपथ पर डटे रहेंगे। बता दें कि सिद्धू ने पिछले दिनों कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि उसे पार्टी ने अभी तक स्वीकार नहीं किया है। इससे पहले सिद्धू ने मंगलवार को भी चेतावनी दी थी कि अगर किसानों की हत्या के सिलसिले में केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो कांग्रेस की पंजाब इकाई उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी के लिए कूच करेगी। पार्टी नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को हिरासत में लेने को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस पर बुधवार को हमला बोलते हुए सिद्धू ने पुलिस पर संविधान की भावनाओं का उल्लंघन करने का आरोप भी लगाया। सिद्धू ने बुधवार को ट्वीट किया था, 54 घंटे हो चुके हैं। प्रियंका गांधी जी को अदालत के समक्ष पेश नहीं किया गया। गैरकानूनी तरीके से 24 घंटे से अधिक समय तक हिरासत में रखना मौलिक अधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन है।

## खास खबर

### हमिदिया अस्पताल मे बन नही बिल्डिंग मे लगी आग



**भोपाल।** राजधानी के हमीदिया अस्पताल परिसर में बन रही नई बिल्डिंग की दूसरी मजिंल पर गुरुवार सुबह उस समय हडकंप मच गया जब यहॉ पर बने ठेकेदार के स्टोर रूम में अचानक आग लग गई। आग लगने से जहॉ आसपास के मे अफरा तफर मच गई, वही अग्निकांड की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिग्रेड की पांच दमकलो ने एक घंटे की मशक्क्त के बाद आग पर काबू पा लिया। हादसे मे कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं आग लगने के कारणो का अभी पता नहीं चल सका है। हमीदिया अस्पताल की नई बिल्डिंग बना रहे पीआईयू के अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार सुबह साढे 11 बजे हमीदिया अस्पताल की नई बिल्डिंग में अचानक आग लग गई। जिसपर दमकलो ने काबू पा लिया, यह आग ठेकेदार के स्टोर रुम में लगी थी। इस कमरे मे एसी का रॉ मटेरियल, फोम समेत दो ट्रक से ज्यादा सामान रखा था, जो काफी हद तक आग की चपेट मे आकर जल चुका है। अग्निकांड मे हुए नुकसान का आकलन ठेकेदार कर रहे है। बताया गया है कि आग लगने वाले स्टोर रूम में कोई बिजली का नहीं था। मौके पर मौजूद लोगो का कहना था कि बिल्डिंग से एक से डेढ़ घंटे तक काला धुंआ निकलता, जिससे आसपास के रहवासियों में हड़कंप मच गया।

### पार्लर से आइसक्रीम खरीदना होगा मंहगा, लगेगा 18 फीसदी जीएसटी

**नई दिल्ली।** अब आपकों पार्लर से आइसक्रीम खरीदना महंगा पड़ेगा, दरअसल,सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेस एंड कस्टम्स यानी सीबीआईसी (सीबीआईसी) ने कहा कि पार्लर या इस तरह की दुकानों द्वारा बेची जाने वाली आइसक्रीम पर 18 फीसदी जीएसटी लगेगा। सर्कुलर के दो सेटों में सीबीआईसी ने 21 वस्तुओं और सेवाओं से संबंधित दरों में बदलाव पर व्यापार और उद्योग द्वारा उठाए गए मुद्दों पर अपना रुख स्पष्ट किया, जिसका फैसला 17 सितंबर को 45वीं जीएसटी काउंसिल की बैठक में हुआ था।आइसक्रीम पार्लर के संबंध में सीबीआईसी ने कहा कि इसतरह के स्थान पहले से विनिर्मित आइसक्रीम बेचते हैं और रेस्टोरेंट की तरह नहीं होते हैं।सर्कुलर में कहा गया, आइसक्रीम पार्लर किसी भी स्तर पर खाना पकाने के किसी भी रूप में संलग्न नहीं होते हैं, जबकि रेस्टोरेंट सेवा प्रदान करने के दौरान खाना पकाने/तैयारी करने के काम में शामिल होते हैं। सीबीआईसी ने साफ किया कि उनकी गतिविधि में आइसक्रीम की आपूर्ति माल (एक निर्मित वस्तु) के रूप में होती है, न कि सेवा के रूप में, भले ही सेवा के कुछ तत्व मौजूद हों।

### किसानों का दावा नारायणगढ़ में बीजेपी सांसद की गाड़ी ने कुचला

**अंबाला।** लखीमपुर में हिंसा की आग अभी ठंडी भी नहीं पड़ी है कि किसानों ने दावा किया है कि हरियाणा के नारायणगढ़ में भी उसी तरह की घटना को अंजाम देने की कोशिश की गई है। अंबाला के पास नारायणगढ़ में प्रदर्शन कर रहे किसानों का आरोप है कि बीजेपी सांसद नायब सैनी की कार कुछ प्रदर्शनकारियों पर चढ़ाने की कोशिश की गई, जिसमें एक बुरी तरह जख्मी हो गया।

## योगी सरकार लखीमपुर खीरी मामले की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करे



- हम जानना चाहते हैं आरोपी कौन हैं और उन्हें गिरफ्तार किया है या नहीं
- सुप्रीम कोर्ट में अब शुक्रवार को होगी लखीमपुर खीरी केस की सुनवाई
- वकील ने कहा कि यूपी सरकार ने समय पर कोई एक्शन नहीं लिया

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में हुई घटना का सुप्रीम कोर्ट ने स्वत- संज्ञान लेते हुए मामले की गुरुवार को सुनवाई की। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया एनवी रमण, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस हिमा कोहली की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार से मामले की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई अब कल यानी शुक्रवार को करेगा। सीजेआई ने सुनवाई की शुरुआत में कहा कि उन्हें दो वकीलों ने घटना के संबंध में पत्र लिखा था। उनका नाम शिवकुमार त्रिपाठी और सीएस पांडा है। सीजेआई ने दोनों वकीलों को कोर्ट में बुलाने को कहा था। वकील शिवकुमार ने कहा कि बड़े पैमाने पर मानवाधिकारों का हनन हुआ है और यूपी सरकार ने समय पर कोई एक्शन नहीं लिया। वहीं सीजेआई ने यूपी सरकार के वकील से भी पूछा कि मामले में क्या एक्शन लिया गया है। यूपी सरकार के वकील ने कहा कि रिटायर जज की कमेटी बना दी गई है। हम सुप्रीम कोर्ट को हलफनामे के जरिए कल बता देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। स्टेट्स रिपोर्ट में बताना है कि कितने लोगों पर एफआईआर हुई है और कितने गिरफ्तार किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार से पूछा है कि चार किसानों और एक पत्रकार सहित आठ लोगों की हत्या कर दी गई है। हम जानना चाहते हैं कि आरोपी कौन हैं और आपने उन्हें गिरफ्तार किया है या नहीं। सीजेआई ने कहा कि हमें एक वकील ने जानकारी दी है कि मृतक लवप्रीत की मां बीमार हैं।

## हमने पटाखे प्रतिबंध पर जो आदेश पारित किया, उसका प्रत्येक राज्य पालन करें: सुप्रीम कोर्ट




### सुप्रीम कोर्ट ने तीन नवजात शिशुओं की ओर से उनके पैरंट्स की अर्जी पर दिया फैसला

**नई दिल्ली।** प्रतिबंधित पटाखों के बाजार में बिकने के मामले को सुप्रीम कोर्ट ने गंभीरता से लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ग्रीन पटाखे की आड़ में पटाखा निर्माताओं की तरफ से प्रतिबंधित केमिकल का इस्तेमाल किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारे आदेश का पालन किया जाना चाहिए। पटाखे बाजार में खुलेआम बेचे जा रहे हैं और लोग इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। हम जानना चाहते हैं कि अगर प्रतिबंध है तो वे बाजारों में कैसे उपलब्ध हैं? हमने पटाखे बैन पर जो आदेश पारित कर रखा है उसका प्रत्येक राज्य पालन करें। बेंच ने कहा कि उत्सव मनाने का मतलब यह नहीं है कि ऊंचे आवाज वाले पटाखे चलाए जाएं। उत्सव फुलझड़ी चलाकर या बिना शोर के भी हो सकता है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने तीन नवजात शिशुओं की ओर से उनके पैरंट्स की अर्जी पर यह फैसला दिया है। 24 नवंबर 2015 को पैरंट्स ने प्रदूषण के कारण इन शिशुओं के ब्रेन का विकास न होने की दलील देते हुए पूरे देश में पटाखे बैन करने की याचिका दी थी। तय लिमिट में आवाज और धुएं वाले पटाखों को ही कोर्ट ने ग्रीन यानी इकोफ्रेंडली माना है, जिनमें नाइट्रोजन ऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड की कम मात्रा ही इस्तेमाल होती है। कोर्ट ने कहा कि ग्रीन पटाखों को पेट्रोलियम ऐंड एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन यानी पेसो से पास कराना होगा। लड़ियों और सांप की टिकिया पर रोक लगा दी गई है। आर्सेनिक, लिथियम, लेड, मरकरी, बेरियम और ऐल्युमिनियम वाले पटाखे बैन होंगे। पटाखों को केवल लाइसेंस पाए ट्रेडर्स ही बना और बेच सकते हैं। ऑनलाइन बिक्री नहीं हो सकती।







# दबंगों ने ट्रैक्टर चलाकर उजाड़ी किसान की फसल, पीड़ित पक्ष पहुंचा थाने

**शिवपुरी।** जिले के भानगढ़ में कुछ दबंगों ने एक गरीब किसान की फसल को ट्रेक्टर चलाकर पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। उक्त बात का जब किसान ने विरोध किया तो दबंगों ने उसे मारपीट करने के साथ-साथ जान से मारने की धमकी भी कथित तौर पर दे डाली। पीडित किसान अपनी फरियाद लेकर सुभाषपुरा थाने पहुंचा जहां थाना प्रभारी ने आवेदन ले लिया और यह कहकर पीड़ति को थाने से रवाना कर दिया कि यह राजस्व का मामला है हम इसमें कुछ नहीं कर सकते।



जानकारी के अनुसार विगत दिवस शिवपुरी के भानगढ़ में एक जमीन पर खड़ी हुई फसल पर दबंग द्वारा ट्रैक्टर चलाने को लेकर विवाद हो गया। मामले में जिस किसान की जमीन पर दबंग ने ट्रैक्टर चलाया था उसकी शिकायत लेकर पीड़ित पक्ष सुभाषपुरा थाने में रिपोर्ट लिखाने पहुंचा। फरियादी राजेश धाकड़, रामबरत धाकड़, ब्रजमोहन और मायाराम ने थाना सुभाषपुरा में दी शिकायत में कहा है कि उनकी जमीन भानगढ़ में गिट्टी क्रेशर के पास सर्वे नंबर 850 रकेबा 0.55 हेक्टेयर है जबकि राम भरत धाकड़ पुत्र गिरवर धाकड़ उम्र 50 वर्ष निवासी भानगढ़ की जमीन भी पास ही में सर्वे नंबर 851/1 रकवा 0.63 पर है इसी तरह ब्रजमोहन और मायाराम की जमीन भी साथ ही लगी हुई है जबकि हम चारों की लगभग 7-8 बीघा जमीन जिस पर मूंगफली और उड़द की फसल खड़ी हुई थी उसे 5 अक्टूबर को मोहना ग्वालियर के निवासी लाखन पुत्र मुन्ना धाकड़ तथा नीरज पुत्र मुन्ना धाकड़ और विजय पुत्र सवाराम धाकड़ तथा रामबरन पुत्र बनवारी लाल धाकड़ ने खड़ी फसल पर ट्रैक्टर चलाकर जताई करके नष्ट कर दिया। फरियादी पक्ष ने थाना सुभाषपुरा में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

## 2 नग भेड़ों की लूट को पुलिस चोरी बता रही है, पाल बघेल समाज ने सौंपा ज्ञापन

**शिवपुरी/करैरा।** अनुविभाग के ग्राम सलैया में सिरनाम पुत्र वंशी बघेल की 72 नग भेड़ों की लूट के मामले में आज अखिल भारतीय पाल बघेल महासभा करैरा ने इंजी.गोपाल पाल दद्दा के नेतृत्व में पुलिस एसडीओपी को ज्ञापन सौंप मामले में लूट की धारायें बढ़ाने तथा भेड़ चोरों की जल्द गिरफ्तारी करने की मांग की जिससे भेड़ पालक सिरनाम बघेल को उसकी भेडें वापस मिले सके। इस ज्ञापन से पहले समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें इंजी.गोपाल पाल ने बताया कि समाज के लोगों के साथ पूर्व में भी इस तरह की घटनायें सामने आ चुकी हैं, मगर पुलिस प्रशासन कोई सुनवाई नहीं कर रहा है, यदि ऐसा ही रहा तो जनता पुलिस के प्रति विश्वास कैसे करेगी। पिछले दिनों 3 अक्टूबर को दोपहर करीब 1 बजे सिरनाम पाल पुत्र बंसी बघेल अपनी भेड़ बकरियों को राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे जंगल में चरा रहा था तो तभी उसी समय बदमाश आए तो चरवाहे को पीटकर बेहोश कर भेड़ों को भरकर ले गऐ जब आधा घंटा बाद उसको होश आया तो तुरंत वह अमोला थाना पर आया और उसने अपनी शिकायत लिखाई मगर उसकी रिपोर्ट बताए अनुसार नहीं लिखी। अखिल भारतीय पाल महासभा ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि यदि 7 दिवस के अंदर सिरनाम पाल की भेड़े नहीं मिलती है तो अखिल भारतीय पाल महासभा उग्र आंदोलन करेगी और अपने समाज को न्याय दिलाने के लिए ताकत लगाएगी। ज्ञापन सौंपते समय इंजी.गोपाल पाल के अलावा प्राण सिंह पाल दिनारा, महेंद्र सिंह बघेल ब्लॉक अध्यक्ष, राजेंद्र बघेल ब्लॉक उपाध्यक्ष कांग्रेस, शिव कुमार पाल सेक्टर अध्यक्ष दिनारा, गजेंद्र बघेल, कृष्णपाल बघेल, राजेंद्र बघेल आदि सैकड़ों की संख्या में अखिल भारतीय पाल महासभा के सदस्य एवं कार्यकर्ता एवं समाज के लोग मौजूद रहे।



## माधव राष्ट्रीय उद्यान के संवर्धन हेतु केंद्र सरकार शीघ्र कदम उठाएगी ~ यादव

### केन्द्रीय मंत्री से सांसद ने की सौजन्य भेंट, मिला आश्वासन

**शिवपुरी।** शिवपुरी स्थित माधव राष्ट्रीय उद्यान में विलुप्त होते वन्यजीव एवं वन्य संपदा पर चिंता व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों की मांग पर शिवपुरी.गुना क्षेत्रीय सांसद डॉ.के.पी.यादव केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से मिले। सांसद डॉ.यादव ने केंद्रीय मंत्री के समक्ष वन्य जीवों एवं दुर्लभ वन्य सम्पदा के संरक्षण के हेतु माधव राष्ट्रीय उद्यान को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि कभी राष्ट्रीय उद्यान में वन एवं वन्य प्राणियों का बाहुल्य था। कभी यहां सफेद बाघ भी पाए जाते थेए परंतु देखरेख व उपयुक्त सुविधा उपलब्ध न होने के कारण विभिन्न प्रजाति के वृक्ष व वन्यजीव विलुप्त हो रहे हैं एवं पर्यटकों की संख्या में भी कमी आ रही है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने स्वयं सांसद डॉ.के.पी.यादव को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा लोकसभा में उठाए गए माधव राष्ट्रीय उद्यान के मुद्दे एवं उनके द्वारा प्रेषित पत्रों पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए जाकर अग्रेषित कर दिया गया है। शीघ्र ही शिवपुरी वासियों के लिए माधव राष्ट्रीय वन उद्यान में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी जिससे पर्यटन के क्षेत्र में भी प्रगति होगी व स्थानीय नागरिकों को रोजगार के अवसर भी ब?ंग



## ड्राइवर की लापरवाही से पलटा ट्रैक्टर दो दर्जन से अधिक मजदूर घायल

**शिवपुरी/पोहरी।** जिले के बमरा गांव के पास बुधवार सुबह फसल काटने जा रहे मजदूरों से भरी एक ट्रैक्टर पलटने से ट्राली में सवार करीब दो दर्जन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने सभी घायलों को इलाज के लिए पोहरी स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहां से गंभीर घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल रैफर कर दिया है। घायलों ने बताया कि यह हादसा हादसा ड्राइवर की लापरवाही के कारण हुआ है। परासरी गांव के निवासी मजदूर एक ट्रैक्टर.ट्राली से बमरा गांव जा रहे थे। बमरा से थो?ी दूरी पर ही ड्राइवर ट्रैक्टर को लहराना शुरू कर दिया।

## जयंती महोत्सव : जब मॉ दुर्गा द्वारा किया गया महिषासुर का वध

### रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों नें बिखेरी अपना छटा, निकलेगी प्रभातफेरी व चल समारोह

**शिवपुरी।** एकाएक जब मॉ दुर्गा के हाथों महिषासुर राक्ष का वध होता है तो पूरे मध्यदेशीय अग्रवाल धर्मशाला के प्रांगण में मॉ दुर्गा के जय-जयकार लगने शुरू हो जाते है यह दृश्य देखने को मिला स्थानीय मध्यदेशीय अगव्राल धर्मशाला में जहां महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत मनाए जा रहे रंगारंग व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में समाज के बच्चों ने यह रोचक प्रस्तुति दी तो पूरे प्रांगण में मॉ के जयकारे लगने लगे। यहां इस रोचकपूर्ण प्रस्तुति देने वाले बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें पुरूस्कृत भी किया गया। साथ ही मॉ दुर्गा के द्वारा महिषासुर का वध करते हुए उपस्थितजनों के द्वारा यहां मॉ से प्रार्थना की गई कि देवी मॉ विश्व को इस वैश्विक महामारी कोरोना से मुक्ति दिलाये और सभी अग्रवन्धुओ ने सभी देविओं का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं यह प्रस्तुति डॉ रूचि गर्ग और भूमि गोयल के द्वारा तैयार कराई गई जिन्हें पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यहां महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के प्रधान संयोजक राकेश गर्ग टिल्लू सहित मध्यदेशीय अग्रवाल समाज कार्यकारिणी पदाधिकारियों में समाज अध्यक्ष गौरव सिंघल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती निशा गुप्ता, उपाध्यक्ष अंकित गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम गोयल, महिला महामंत्री श्रीमती रेणु सिंघल, सह मंत्री श्रीमती रेणु अग्रवाल, सहमंत्री शुभम गर्ग मामा, प्रचार मंत्री विकास गोयल आदि सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। अग्रसेन जयंती महोत्स्व को सफल बनाने के लिए प्रधान संयोजक राकेश गर्ग (टिल्लू) के साथ प्रांशुल अग्रवाल संयोजक, अजय गुप्ता (बैराड वाले) संयोजक, मथुरा प्रसाद गुप्ता वित्त संयोजक, महिला संयोजक श्रीमती तनुजा गर्ग, श्रीमती वर्षा सिंघल, श्रीमती निधि गर्ग, पदम जैन, सुधीर अग्रवाल, चल मयंक अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, कृष्ण गोपाल गुप्ता, संयोजक प्रदीप गोयल (राजगढ़ वाले), श्रीमती संगम अग्रवाल, डॉक्टर समर्थ गुप्ता, अमित गोयल शामिल रहे जिन्होंने आयोजित कार्यक्रमों को सफल बनाने में अपना अहम योगदान दिया।



**आज मनाई जाएगी महाराजा अग्रसेन जयंती, निकलेगी प्रभातफेरी व चल समारोहः** महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के प्रधान संयोजक राकेश गर्ग टिल्लू ने बताया कि आज 7 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जयंती मनाइ जाएगी जिसकी शुरूआत प्रात~ 7 बजे से स्थानीय मध्यदेशीय अग्रवाल धर्मशाला से नगर में प्रभात फेरी निकाली जाएगी और दोपहर 2 बजे से समाज का महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के अवसर पर चल समारोह निकाला जाएगा जो शहर के अस्पताल चौराहा अग्रसेन चौक से शुरू होकर नगर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए समापन मध्यदेशीय अग्रवाल धर्मशाला पर होगा।

## लायन्स क्लब शिवपुरी साउथ द्वारा सेवा सप्ताहकल्याण के तहत बच्चों ने पीस पोस्टर से दिया शांति का संदेश

### प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सलोनी दीक्षित ने जबकि द्वितीय पर रहे रिषि जैन व तमन्ना धाकड़ ने पाया तीसरा स्थान

**शिवपुरी।** समाजसेवा के साथ-साथ बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए समाजसेवी संस्था लायन्स क्लब ऑफ शिवपुरी साउथ के द्वारा %कल्याणम्' विषय पर आधारित सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बच्चों के लिए पीस पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने अपनी कला प्रतिभा के माध्यम से शांति का संदेश दिया। पीस पोस्टर प्रतियोगिता कार्यक्रम के संयोजक ला.पवन-श्रीमती आरती शर्मा, संदीप-श्रीमती पूजा वर्मा, पी.डी.-श्रीमती शोभा सिंघल व राजेन्द्र शिवहरे रहे। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए लायन्स क्लब ऑफ शिवपुरी साउथ के अध्यक्ष राकेश जैन (प्रेमस्वीट्स), सचिव हेमंत नागपाल, कोषाध्यक्ष कृष्णमोहन अग्रवाल ने बताया कि समाजसेवी संस्था लायन्स क्लब ऑफ शिवपुरी साउथ के द्वारा डिस्ट्रीक्ट गर्वनर ला.सुनील गोयल के निर्देशन में सेवा सप्ताह कल्याणम्' मनाया जा रहा है। इसी क्रम में संस्था के द्वारा सेवा सप्ताह के चतुर्थ दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन कार्यक्रम संयोजक ला.पवन शर्मा के विद्यालय गीता पब्लिक स्कूल में किया गया। यहां बच्चों को सर्वप्रथम पीस पोस्टर प्रतियोगिता के बारे में ला.रविन्द्र गोयल के द्वारा समझाईश दी गई तो वहीं संस्था के अन्य पदाधिकारियों ने बच्चों को प्रतियोगिता के प्रति मोटिवेट भी किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के करीब 60 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। यहां अपनी कला के माध्यम से विश्व में शांति का संदेश देते हुए बच्चों ने अपनी प्रतिभा को कोरे कागज पर उकेरा और एक से बढ़कर एक आकर्षक चित्र बनाकर प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। पीस पोस्टर प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों की घोषणा भी मंच से लायन्स क्लब साउथ अध्यक्ष राकेश जैन (प्रेमस्वीट्स), सचिव हेमंत नागपाल, कोषाध्यक्ष कृष्णमोहन अग्रवाल द्वारा की गई जिसमें विजयी प्रतिभागियों में उन्नति पहारिया कक्षा 7, मोनिका मौर्य कक्षा 9, अल्पना रावत कक्षा 9, कक्षा 10 से भूमिका धाकड़, मोहिनी बंसल, कशिश कुबैर, पलक रघुवंशी, सरवन रावत, सौम्या झा, अर्श यादव, कक्षा 7 से आस्था गुप्ता, आशिका नामदेव, अलफिजा मिर्जा, रोहित टेडिया, शिवकांत जाटव, उमेश राठौर, कक्षा 8 से अजय धाकड़ व झलक मांझी शामिल हुए जबकि इन प्रतिभागियों में प्रथम स्थान सलोनी दीक्षित, द्वितीय स्थान रिषि जैन व तरक नामदेव एवं तृतीय स्थान तमन्ना धाकड़ ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन पर विद्यालय संचालक पवन शर्मा का आभार लायन्स क्लब शिवपुरी साउथ के संयोजक संदीप वर्मा के द्वारा व्यक्त किया गया।



**आज ग्रामीण क्षेत्र का दौर कर चलाया स्वच्छता अभियानः** लायन्स क्लब शिवपुरी साउथ द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह %कल्याणम्' के तहत सप्ताह भर विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सेवा सप्ताह कार्यक्रम संयोजक रविन्द्र-श्रीमती सुधा गोयल, सौरभ-श्रीमती सोनाली सांखला होंगें। इस दौरान सेवा सप्ताह के तहत अब आज 7 अक्टूबर विजिट इन अ विलेज क्लीनलीनेश ड्राईव एवं 8 अक्टूबर क्लब फैलोशिप एण्ड पुलिस पर्सनल फैलिसिटेशन कार्यक्रम होगा।

## प्रियंका गांधी बाड्रा को रोकना डरी हुई योगी सरकार की कायराना हरकत, इसलिए पहन लें चूडि़याः इंदु जैन

**शिवपुरी।** उप्र के लखीमपुर की घटना में बेगुनाह किसानों को उत्तरप्रदेश के लखीमपुर में बीती 3 अक्टूबर रविवार को गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा के पुत्र द्वारा बेदर्दी से कुचले जाने पर आठ किसानों की मौत हो गयी थी, वहीं जब इस मामले को लेकर श्रीमती प्रियंका गांधी बाड्रा द्वारा किसानों से मिलने गई तो उन्हें पीड़ित परिजनों से मिलने नहीं दिया गया और अभद्रता करते हुए गिरफ्तार तक किया गया, इस तरह एक जनप्रिय जनप्रतिनिधि श्रीमती गांधी को रोकना यह सिर्फ डरी हुई उप्र की कायराना भाजपा सरकार ही कर सकती है इसलिए इन्हें अब चूडि़यां पहन लेना चाहिए जो महिला कांग्रेस के द्वारा कोरियर के द्वारा भेजी जा रही है। यह कहना है कि महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुश्री इंदु जैन का जिन्होंने अपना रोष उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निकाला जिन्होंने एक जनप्रतिनिधि के साथ अभ्रदता करने वालों पर कोई कार्यवाही नहीं की तो वहीं दूसरी ओर मृतक किसानों के जबाबदेह हमलावरों को भी अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया। इस घटना के विरोध में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुश्री इंदु जैन ने विरोध प्रदर्शन करते हुए शिवपुरी स्थित डाकघर पहुंचकर चूडि़यों के पैकेट कोरियर के माध्यम से उप्र सरकार के मुख्यमंत्री को भेजी है। यहां इस विरोध प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस की ओर से श्रीमती रूपाली खण्डेलवाल, राजकुमारी जाटव, शिल्पी राठौर, राजकुमारी खान व ज्योति धाकड़ मौजूद रहीं।



## लीनेश क्लब शिवपुरी सेंट्रल सेवा सप्ताह के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में दिया योगदान

**शिवपुरी।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सदैव सेवा का संदेश दिया है और इस सेवा के संदेश को ग्रहण कर बापू के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया समाजसेवी संस्था लीनेस क्लब शिवपुरी ने जहां संस्था की अध्यक्षा श्रीमती मीना अग्रवाल व सचिव श्रीमती रूचि अग्रवाल के निर्देशन में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती मनाई गई और सभी लीनेस क्लब की महिला पदाधिकारी व सदस्यों ने मिलकर स्थानीय गांधी पार्क पहुंचकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही सेवा कार्य करते हुए लीनेस क्लब के द्वारा स्थानीय गायत्री पार्क परिसर पहुंचकर यहां आयोजित महिला सशक्तिकरण में भी अपना योगदान देते हुए सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर लीनेस क्लब की डॉक्टर कल्पना बंसलए पारुल बंसल के नेतृत्व में 100 से 125 ग्राम में निवासरत परिजनों को यहां संस्था सदस्यों के द्वारा फलए मिठाई एवं भोजन वितरण किया गया।

## नाम निर्देशन.पत्र के साथ अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले शपथ-पत्र के संबंध में आवश्यक निर्देश

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिका निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर परिषद में स्थानों को भरने के निर्वाचन में नाम निर्देशन-पत्र के साथ अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले शपथ-पत्र के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए है।जारी निर्देशों के तहत नगर पालिका निगमए नगर पालिका परिषद तथा नगर परिषद के पार्षद पद का प्रत्येक अभ्यर्थी अपने नाम निर्देशन पत्र के साथ एक शपथ.पत्र प्रस्तुत करेगा जिसमें उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि, आस्तियों, दायित्वों, शैक्षणिक योग्यताओं आदि की जानकारी दी जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा शपथ-पत्र का प्रत्येक कॉलम भरा जाएगा। यदि किसी कॉलम की जानकारी निरंक है तो उस कॉलम में निरंक शब्द अंकित किया जाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर को यह जांच करनी होगी कि नामांकन पत्र के साथ दाखिल करते समय शपथ.पत्र के सभी कॉलम भरे गए है या नहीं, यदि नहीं तो रिटर्निंग ऑफिसर अभ्यर्थी को रिक्त कॉलम भरने के लिए स्मरण करायेंगे। अभ्यर्थी द्वारा किसी भी कॉलम को रिक्त नहीं छो?ा जाना चाहिए। स्मरण कराने के पश्चात भी यदि कोई अभ्यर्थी किसी भी कॉलम को भरने में असफल होता है तो नामांकन पत्र की जांच अथवा संवीक्षा के समय रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नामांकन पत्र खारिज किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा शपथ.पत्र की एक प्रति रिटर्निंग ऑफिसर के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी और मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित की जायेगी तथा जरूरत पडने़ पर आयोग भी प्रतियां जिला निर्वाचन अधिकारी से ले सकेगा। किसी निर्वाचक द्वारा मांग किए जाने पर शपथ.पत्र की प्रमाणित प्रति दो रूपया प्रति पृष्ठ के मूल्य पर प्रदाय की जाएगी। यदि कोई निर्वाचक किसी अभ्यर्थी के शपथ पत्र में दी गई जानकारी के विरूद्ध शपथ.पत्र प्रस्तुत करता है तो उसकी प्रति भी रिटर्निंग ऑफिसर के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी।

## कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में अधिकारियों को दिए निर्देश

**शिवपुरी।** कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने बुधवार को समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए हैं। बैठक में नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की गयी। बैठक में अपर कलेक्टर उमेश शुक्ला सहित समस्त राजस्व अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि निराकृत प्रकरणों को पोर्टल पर अपलोड किया जाए। नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन के प्रकरणों का समय.सीमा में निराकरण किया जाये। सभी राजस्व अधिकारी प्रकरणों के निराकरण के संबंध में विशेष ध्यान दें। बिना कारणवश कोई भी राजस्व प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए। पीठासीन अधिकारी सीमांकन के लंबित प्रकरणों का समय.सीमा में निराकरण करायें। उन्होंने बंटवारा, नामांतरण के 6 माह से पूर्व लंबित प्रकरणों निराकरण कर उनकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले चलाई जा रही अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध मुहिम को जारी रखा जाए। शिविर लगाकर बंटवारा, फौती नामांतरण, भूमि नाम सुधार के प्रकरणों का निराकरण किया जाए। भू अर्जन के प्रकरणों की बसूली की कार्यवाही की जाए। ऐसे राजस्व प्रकरण जो न्यायालय में लंबित चल रहे है और निराकरण योग्य हैए उनका निराकरण तुरंत किया जाए।



## अस्थाई कनेक्शन लेकर ही झांकी.पंडाल की सज्जा करें

शिवपुरी। दुर्गोत्सव त्यौहार तथा अन्य त्यौहारों में पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने माकूल प्रबंध किए हैं। कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे दुर्गोत्सव के दौरान धार्मिक पण्डालों एवं झॉंकियों में बिजली साज.सज्जाए नियमानुसार अस्थाई कनेक्शन लेकर ही करें। अस्थाई कनेक्शन लेने के लिये कंपनी की वेबसाइट के माध्यम से सही, संयोजित विद्युत भार को दर्शाते हुए ऑनलाइन आवेदन करें। लायसेंसी विद्युत ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट आवेदन में संलग्न करें एवं वायरिंग इत्यादि लायसेंसधारी विद्युत ठेकेदार से ही करवाएं। आवेदन में दर्शा, अनुसार विद्युत भार के अनुरूप सुरक्षा निधि एवं अनुमानित विद्युत उपभोग की राशि अग्रिम जमा कराकर बिजली कंपनी से अस्थाई कनेक्शन की रसीद अवश्य लें। रसीद की लेमीनेटेड प्रति अनिवार्य रूप से पंडालध्झॉंकी के सामने लगाएं। आवेदित विद्युत भार से अधिक भार का उपयोग विद्युत साज.सज्जा के लिए न करें। विद्युत कनेक्शन मीटरीकृत होगा एवं विद्युत देयक की बिलिंग नियमानुसार अस्थायी कनेक्शन हेतु लागू घरेलू दर पर की जाएगी। झांकियों के निर्माण एवं विद्युत साज.सज्जा में सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। अनधिकृत तरीके से विद्युत का उपयोग न करें।

### इन स्थानों पर आज विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**शिवपुरी।** आवश्यक रखरखाव का कार्य किए जाने हेतु 11 केव्ही कमलागंज एवं 33 केव्ही भैंसाना फीडर पर 07 अक्टूबर को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। उक्त 11 केव्ही कमलागंज फीडर के बंद रहने से प्रात~10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक बैंक कॉलोनी, बाबू क्वाटर, नवग्रह मंदिर, कमालगंज, न्यू द्वारिकापुरी, नमोनगर, ग्वालियर बायपास एवं आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। इसी प्रकार 33 केव्ही भैंसाना फीडर के बंद रहने से प्रात~10 बजे से शाम 5 बजे तक 33/11 केव्ही उपकेन्द्र भैंसाना एवं झिरी से जुड़े समस्त क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से किशोर की मौत

## दूसरी घटना में ट्रोला की टक्कर दो युवक घायल

**भिण्ड।** देहात थाना क्षेत्रान्तर्गत कोचिंग पढ़ने के लिए एक किशोर सुबह 6 बजे घर से पैदल हाइवे के किनारे होते हुए जा रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से चलाकर उसे रौंद दिया, जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। राहगीरों ने हादसे की सूचना तुरंत पुलिस व परिजनों को दी, जिसके बाद घटना पहुंचे परिजन उसे आनन-फानन में इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह हादसा एनएच-92 हाइवे पर स्थित रंजना नगर के पास घटित हुआ। हादसे की सूचना जैसे कोचिंग के अन्य छात्रों को लगी तो वह भी देखने के लिए दौड़ते हुए उसके घर पर पहुंचे और अंत्येष्टी में शामिल होकर बाइक से लहार चुंगी जा रहे थे कि तभी पुलिस लाइन के ठीक सामने एक रेत से भरे ट्रोला के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए दोनों दोस्तों को चपेट में लेकर घायल कर दिया और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी चालकों पर अपराध दर्ज कर लिया है।

### कोचिंग जा रहा था सौरभ

गुरुवार सुबह 6 बजे सौरभ जाटव उम्र 16 वर्ष पुत्र हीरालाल जाटव निवासी नुन्हाटा, हाल जगजीवन नगर जो घर से कोचिंग पढ़ने के लिए निकला था उसे क्या पता कि फिर बापस घर नहीं लौटेगे, एनएच-92 हाइवे होते हुए रंजना नगर के पास से गुजर रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और वह बुरी तरह से जख्मी हो गया, परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर दौड़े तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पिताजी ठेकेदारी का काम करते है और अपने बच्चे को पढ़ाने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे थे, जिसे अज्ञात वाहन ने मौत के घाट उतार दिया।



### बाइक से जा रहे युवकों को ट्रोला ने मारी टक्कर दोनों घायल



सौरभ जाटव के साथ मानवेन्द्र परिहार पुत्र वीर बहादुर परिहार उम्र 17 वर्ष, सतेन्द्र परिहार निवासी रंजना नगर जो एक साथ कोचिंग पर पढ़ते थे, जैसे ही सौरभ की मौत की खबर दोनों को लगी तो उसे देखने के लिए उसके घर पर पहुंचे और अंत्येष्टी में शामिल होकर अपने घर जा रहे थे एक रेत से भरे ट्रोला के चालक ने बाइक में कट मार दी जिससे दोनों सड़क के किनारे गिर पड़े और ट्रोला की चपेट में आ गये, इस हादसे में दोनों के एक-एक पैर फैक्चर हो गया है, जिन्हें इलाज के लिए दोस्तों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों के देखरेख में इलाज किया जा रहा है।

### जमीन को लेकर वृद्ध की मारपीट

**भिण्ड।** अटेर थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ेर में जमीन को लेकर एक वृद्ध की दो लोगों ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार रामवीरसिंह पुत्र स्व. विद्याराम भदौरिया निवासी गढ़ेर ने बताया गुरुवार सुबह 8.30 बजे उसी गांव निवासी उदयसिंह पुत्र विद्यारामसिंह, कुलदीप पुत्र उदयवीर सिंह भदौरिया ने आपसी जमीन को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

### एक शस्त्र लायसेंस निलंबित

**भिण्ड ।** जिला दण्डाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह के प्रतिवेदन पर आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 (3) बी में निहित प्रावधानों का प्रयोग करते हुए अनावेदक आर्म्स लायसेसी देवेन्द्र सिंह पुत्र हरविलास सिंह राजावत निवासी सीताराम पुरा थाना भारौली जिला भिण्ड के नाम शस्त्र लायसेंस को अन्य आदेश होने तक तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। उन्होंने निलंबन काल में शस्त्र एवं एम्यूनेशन जमा रखने के निर्देश दिए है।

## पत्थर से कुचलकर युवक की हत्या, पुलिस जुटी जांच में



**भिण्ड।** एक युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गई। पावई थानाक्षेत्र के रमटा गांव में रहने वाला युवक बुधवार देर शाम भिंड आने की कहकर घर से निकला था। पुलिस को वह मुड़िया खेड़ा में सड़क किनारे झाड़ियों में बेसुध हालत में मिला। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। सीएसपी आनंद राय के मुताबिक, रमटा गांव में रहने वाला राघवेंद्र पुत्र जगदीश सिंह भदौरिया बुधवार की शाम को भिंड आ रहा था। राहगीरों ने गुरुवार की सुबह पुलिस को सूचना दी कि कोई घायल पड़ा है। शुरुआत में मामला सड़क हादसे का लगा। घायल को अस्पताल लेकर पहुंचे, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटनास्थल से कुछ दूर युवक की बाइक मिली। आसपास खून और पत्थर पड़ा था। इससे आशंका है कि युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या की गई है। रमटा गांव के ही परिवार के सदस्य जगदीश ने मृतक की शिनाख्त की। बाइक पर राघवेंद्र के बेटे अमन और रमन का नाम लिखा था। पुलिस का कहना है कि राघवेंद्र शराब का आदी था। संभवतः शराब के नशे में किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ होगा, इस वजह से हत्या की गई है।

**इकलौता बेटा था:** मृतक के रिश्तेदार प्रदीप का कहना है कि राघवेंद्र अपने अकेला बेटा था। पुलिस ने इस मामले में एक शिवा नाम के युवक से पूछताछ की है। मृतक का मोबाइल परा गांव के युवक को मिला है। उसने मोबाइल बंद कर लिया है। इसलिए बातचीत नहीं हो पा रही है।

### विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर 10 को

**भिण्ड।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार ''आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम'' के अंतर्गत ग्राम द्वार भिण्ड में 10 अक्टूबर 2021 को दोपहर 12 बजे से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा।जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय भिण्ड ने बताया कि शासन के समस्त विभागो से संबंधित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों/ पात्र वर्गो को लाभान्वित किये जाने हेतु उपरोक्त शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## इलाज को लेकर नर्स और रिटायर्ड फौजी में झगड़ा

### नर्स द्वारा इलाज में लापरवाही नहीं हुई बर्दाश्त तो फौजी ने चांटा मारकर मोबाइल तोड़ा



**भिण्ड।** जिला अस्पताल में नर्स और रिटायर्ड फौजी के बीच झगड़ा हो गया। दोनों के बीच मरीज के इलाज को लेकर विवाद हुआ था। इस पर मरीज के अटेंडर रिटायर्ड फौजी ने नर्स को चांटा मारा और उसका मोबाइल तोड़ दिया। नर्स ने भी जूती से उसकी पिटाई लगा दी।

घटना बुधवार रात करीब 11 बजे की है। नर्स आशा पांसे ड्यूटी पर थीं। पंडरी निवासी रिटायर्ड फौजी जितेंद्र सिंह यहां भर्ती परिचित से मिलने पहुंचे। मरीज दर्द से तड़प रहा था। उसके उपचार को लेकर जितेंद्र ने आशा से दवा देने के लिए कहा। आशा ने ड्रिप लगाने की बात कही। जितेंद्र इस बात से संतुष्ट नहीं हुआ। उसने कहा कि कुछ और दवा दो। अनसुनी करते हुए नर्स मोबाइल पर व्यस्त हो गई। इस बात पर जितेंद्र भड़क गया। उसने नर्स को चांटा मार कर मोबाइल तोड़ दिया। गुस्साई नर्स ने जितेंद्र को जूती से पीटना शुरू कर दिया। जितेंद्र ने नर्स का गला पकड़ लिया। झूमाझटकी में नर्स की ड्रेस फट गई। मौके पर मौजूद लोगों ने मामला शांत कराया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस दोनों को थाने ले गई, जहां उनके बीच समझौता हो गया।

### नर्सिंग स्टाफ ने किया काम बंद

घटना की जानकारी गुरुवार सुबह अन्य नर्सो को लगी, तो वे विरोध में उतर आई। उन्होंने उपचार न करने का फैसला लिया। इसी समय सिविल सर्जन डॉ. अनिल शर्मा, नर्स आशा पांसे को लेकर थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज करने के लिए कहा। इसके बाद सिविल सर्जन चले आए। इधर, मीडिया के पहुंचते ही नर्स भी बिना शिकायत दर्ज कराए थाने से चली गई।

### बिना रिपोर्ट दर्ज कराए चली गई नर्स

कोतवाली थाना प्रभारी राजकुमार शर्मा ने बताया कि मामले में नर्स आशा ने समझौता कर लिया था। वह रिपोर्ट दर्ज नहीं कराना चाहती। सिविल सर्जन उसे लेकर आए थे। जब तक महिला पुलिसकर्मी को बयान दर्ज कराने को लेकर बुलाया, तब तक नर्स चली गई।

### युवक के खाते ट्रांसफर किये 56 हजार रुपये

**भिण्ड।** शहर कोतवाली थाना क्षेत्रान्तर्गत एक युवक के खाते से दो लोगों ने धोखाधड़ी करते हुए नगदी ट्रांसफर कर ली, जब वह बैंक में पासबुक एंट्री कराने गया, जिसके बाद मामले का पता चला तो थाने पहुंचकर दोनों के विरुद्ध आवेदन दिया और पुलिस ने मामले की जांच उपरांत ठगों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार देवी पुत्र रूपचन्द्र जैन निवासी नई आबादी ने बताया विगत 12 अगस्त दोपहर 3 से 6 बजे के बीच वार्ड क्र. 12 में अजय कुमार निवासी असनोल मुफसिल टुकमा झारखंड, संगीतादास निवासी निचर नागांव पंचायत ऑफिस नोगांव जगतसिंहपुर उड़ीसा ने छलपूर्वक उसके खाते से 56 हजार रुपये की नगदी ट्रांसफर कर ली, इसकी खबर उसे तब लगी जब बैंक में पासबुक एंट्री कराने पहुंचा। पुलिस ने ठगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

## भाकिसं एवं विस ने किसानों को खाद आपूर्ति समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

**भिण्ड।** भारतीय किसान संघर्ष एवं विकास संघ ने जिले में किसानों को खाद मिलने में प्रतिदिन परेशानी हो रही है बुवाई के देरी होने से किसानों में आक्रोश है। जिस पर संघ ने किसानों की खाद आपूर्ति समस्या को लेकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर सतीश कुमार एस को ज्ञापन सौंपा है जिसे कलेक्टर ने जल्द ही निराकरण करने का आश्वासन दिया है। जिले में रबी सीजन 90,000 टन यूरिया की आवश्यकता है व 60.000 टन डी.ए. पी. खाद की आपूर्ति की आवश्यकता है परन्तु भिण्ड जिले को मात्र जिला स्तर पर खाद वितरण हेतु 500 मैट्रिक टन डी.ए.पी. व 1500 मैट्रिक टन यूरिया ही उपलब्ध है, जोकि पूरी तरह अपर्याप्त है। पहले बरसात न होने के कारण व बाद में अत्यधिक वर्षा के कारण भिण्ड जिले में खरीफ फसल पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है, लेकिन किसानों को न तो फसल बीमा का लाभ किसानों को प्राप्त हुआ है और न ही शासन से अभी तक कोई मुआवजा दिलाया गया है। अब खाद उपलब्ध न हो पाने के कारण किसानों की रबी फसल भी पूरी तरह चौपट होने की स्थिति निर्मित हो गई है। इसलिए तत्काल खाद उपलब्ध कराई जावे एवं खरीफ फसल बर्बाद होने से मुआवजा दिलाया जाये। भिण्ड जिले में 166 सोसाइटी संचालित हैं, जिनके माध्यम से खाद वितरण किसानों को किया जाता था। आये दिन सोसाइटियों पर खाद उपलब्ध ही नहीं है जिससे गरीब किसान आत्म हत्या को मजबूर है, सोसाइटियों पर तत्काल खाद पहुंचाया जाये। भिण्ड जिले में मात्र जिला स्तर पर 02-02 बोरी कर खाद वितरण किया जा रहा है, जिससे मात्र 100-150 किसानों को ही खाद न के बराबर मिल रहा है जिससे भिण्ड जिले में अराजकता का माहौल पैदा हो गया है। जिला प्रशासन मात्र आश्वासन दे रहा है। खेतों में इस समय आश्वासन की नहीं खाद की आवश्यकता है। अतः किसानों को खाद सुलभ तरीके से उपलब्ध कराने हेतु विक्रय केन्द्र बढ़ाये जाये । भारतीय किसान संघर्ष एवं विकास संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव बरूआ जिला एवं प्रदेश की जनहित की सामाजिक समस्याओं के मुद्दे उठाते रहते हैं। अराजक तत्वों द्वारा उनके भाई रमाकान्त बरूआ पर जानलेवा हमला किया गया है, जिसमें 40 घण्टे बीत जाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई है। पुलिस को दिये गये आवेदन एवं समाचार पत्रों की कटिंग सलग्न है।

## ब्लॉक कांग्रेस ने मोदी का पुतला किया दहन

**भिण्ड।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप यादव के नेतृत्व में आज डीजल पेट्रोल और गैस की कीमतों पर लगातार हो रही महंगाई के विरोध में नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। गोलंबर से मुख्य मार्ग होते हुये मोदी का पुतला लेकर प्रदर्शन किया गया और नये बस स्टैंड पर पुतले का दहन किया गया। भाजपा शासन मुर्दाबाद के नारे लगाये गये। डीजल पेट्रोल गैस की बढ़ती कीमतों को बापस लो बापस लो और मोदी मुर्दाबाद के नारे लगाए। जिसमें सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे मौजूद कार्यकर्ताओं में राजीव कौशिक जिला महामंत्री डॉ रणवीर सिंह यादव, बहादुर सिंह यादव, कमलेश सोनी, धर्मेंद्र बाबा, इकबाल खान पठान, रामेश्वर यादव, दिनेश यादव, नरेश यादव, संजीव यादव, इरशाद खान, नरेश यादव, समीर खान, गोलू खान, जागेश यादव, शिव सिंह गुर्जर, आलोक मिश्रा लोकेंद्र गुर्जर, आकाश यादव, कौशल यादव, लोकेंद्र यादव, मुकुल यादव, आशिक बली, अफसर खान, राधेश्याम कुशवाहा, दीपक तिवारी, दिनेश राठौर, अजीत जैन, हरि यादव, रविंद सिंह यादव आदि कार्यकर्ता रहे।



### गोरमी में भी हुआ मोदी का पुतला दहन

गोरमी नगर में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने महंगाई के विरोध में जैसे पेट्रोल डीजल रसोई गैस अन्य सामान की महंगाई के विरोध में प्रधानमंत्री मोदी का पुतला आज मोरनी नगर में एसबीआई चौराहे पर मोदी का पुतला जलाया जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नरवरिया कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दारा सिंह गुर्जर, जगत सिंह यादव, कृष्ण प्रसाद कटारे, अजब सिंह गुर्जर, संजीव करैया, आशु खान, भगवती थापक, हरिओम कटारे, कमल दीक्षित सहित आधा सैकड़ा कार्यकर्ता मौजूद थे।

फोटो नम्बर-05,06

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति

**भिण्ड।** भिण्ड उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. (सेडमैप) भोपाल द्वारा आयोजित एवं राज्य कार्यालय खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग भोपाल द्वारा प्रायोजित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड एवं खादी ग्रामोद्योग आयोग के माध्यम से बैकों द्वारा स्वीकृत ऋष्ण प्रकरण के हितग्राहियों का 10 दिवसीय निःशुल्क उद्यमिता विकास प्रशिक्षण (ई.डी.पी.) कार्यक्रम का आयोजन 08 अक्टूबर 2021 से 17 अक्टूबर 2021 तक किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षित बेरोजगार युवाओं एवं युवतियों को मनोवैज्ञानिक पद्धति से स्वयं के उद्योग व्यवसाय लगाने एवं उसका सफल संचालन करने हेतु तैयार करना है, साथ ही शासन द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी एवं स्वयं के उद्योग आधार पंजीयन करने में सेडमैप द्वारा सहयोग प्रदाय किया जावेगा। हितग्राही स्वरोजगार स्थापना हेतु विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा जिले में पाये जाने वाले कच्चा माल, भौतिक संसाधनों, इकाई स्थापना प्रक्रिया, समस्याओं का समाधान, विपणन कौशल, गहन बाजार सर्वेक्षण, कार्यशील पूंजी एवं नगद प्रबंधन, वस्तु की लागत एवं मूल्य निर्धारित, सम्प्रेषण कला, व्यवसायिक समझौते का महत्व, जी.एस.टी. इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जावेगा, साथ ही लोकल फॉर बोकल अभियान की ओर अग्रसर होकर अपना उद्यम स्थापित कर सकते हैं। प्रशिक्षण पश्चात विभाग द्वारा प्रमाण-पत्र भी प्रदाय किया जावेगा। उक्त कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी उद्यमिता विकास केन्द्र म.प्र. (सेडमैप) भिण्ड के जिला समन्वयक अश्विनी शर्मा के मोबाइल नम्बर 7000299686 पर भी प्राप्त की जा सकती है।

## सांसद संध्या राय भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य मनोनीत

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा के बाद राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्यों की भी घोषणा की है जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद संध्या राय को भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य पद पर मनोनीत किया है जिसके लिए उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद धन्यवाद ज्ञापित किया।

भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में नव मनोनीत पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सांसद श्रीमती राय ने कहा इस संगठन ने मुझ पर विश्वास किया है और राष्ट्रीय कार्यसमिति में स्थान देकर मुझे नहीं मेरी भिंड दतिया लोकसभा संसदीय क्षेत्र की जनता को गौरवान्वित किया है, मैं अपने दायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वाह करूंगी।

श्रीमती राय को बधाई देने वालों में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य प्रदेश के उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया पार्टी के जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर, पूर्व जिला अध्यक्षों में केशव सिंह भदौरिया, अवधेश सिंह कुशवाह एडवोकेट, पूर्व विधायक शिव शंकर समाधिया, नरेंद्र सिंह कुशवाह, रसाल सिंह, मथुरा प्रसाद महांत, मुन्ना सिंह भदौरिया, श्रीराम जाटव, राकेश शुक्ला, रणवीर सिंह जाटव, वीरेंद्र सिंह राणा, संजीव कांकर, रमेश दुबे, रोमेश महंत, अमरीश शर्मा गुड्डू, अशोक चौधरी, देवेंद्र सिंह नरवरिया प्रमुख हैं।

### मिट्टी लेने से महिला ने किया मना तो युवक ने की मारपीट

**भिण्ड।** फूप थाना क्षेत्र के काली माता मंदिर के पास एक युवक मिट्टी ले रहा था, तो एक महिला ने मना किया तो वह भड़क गया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरु कर, जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार मुन्नी देवी पत्नी स्व. वीरसिंह भदौरिया उम्र 55 वर्ष निवासी वार्ड क्र.4 फूप ने बताया बुधवार शाम 7 बजे आरोपी राजू राजावत काली माता मंदिर के पास से मिट्टी ले रहा था, जब उसने मना किया तो मारपीट करने लगा और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### परिजनों लेते रहे गहरी नींद, चोरों ने किया हाथ साफ

**भिण्ड।** ऊमरी थाना क्षेत्र के ग्राम खड़िक में अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाकर दीवाल फांदकर अंदर दाखिल हुए और अलमारी में से सोने-चांदी के गहने सहित नगदी लेकर रफू चक्कर हो गये। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार सतेन्द्र सिंह पुत्र जगमोहन सिंह कुशवाह उम्र 45 वर्ष निवासी खडिक ने बताया विगत 12-13 सिंतबर की दरम्यिानी रात अज्ञात चोरों ने एक मकान में धाबा बोलकर सोने-चांदी के गहने कीमत 49 हजार के चोरी कर लिए और उनका बड़ा पुत्र बाहर नौकरी करता था, जिसके आने के बाद अपराध दर्ज किया गया।

## शरीर नष्ट होता है, आत्मा नश्वर है: जगद्गुरू शंकराचार्य



**भिण्ड।** अटेर क्षेत्र के परा ग्राम स्थित अमन आश्रम परिसर में गुरुवार से प्रारंभ श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ के प्रथम दिवस में अनंत श्री विभूषित काशीधर्म पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ जी महाराज ने कहा कि मृत्यु अमंगल नहीं है, जन्म और मृत्यु दोनों ही मंगल हैं, क्योंकि यह आत्मा मरती नहीं है शरीर नष्ट होता है। जैसे पुराने और जीर्ण वस्त्रो का परित्याग कर नवीन वस्त्र धारण करते हैं वैसे ही आत्मा पुराने और जीर्ण शरीर को त्याग कर नवीन शरीर धारण करती है। जब मनुष्य को प्रबल वैराग्य हो जाता है तो कामनायें उसे अपनी ओर आकर्षित नहीं कर सकती। श्राद्ध पक्ष में लोगों को अपने पितरों को संतुष्ट करना चाहिए। जिस प्रकार हमारे पूर्वज इस धरा भूमि को छो?कर चले गए वैसे ही हमको भी एक न एक दिन वहाँ जाना है। सभी की मनःस्थिति रहती है कि वो जीवित रहे तो हमें अपने कर्मों को अच्छा करना होगा। हम रहे और दूसरों को भी रहने दे किसी को अनावश्यक कष्ट न पहुँचाये। पितरों का तर्पण और उनके निमित्त श्राद्ध करना हम सभी का परम कर्तव्य है। आज के मनुष्य के अंदर श्रद्धा ही नहीं रह गई तो वो श्राद्ध कैसे करेंगे। लोग अनावश्यक कुतर्क करते हैं कि अगर श्राद्ध में ब्राम्हणों को भोज करेंगे तो तो पितर लोक में बैठें हमारे पितरों को भोजन कैसे प्राप्त होगा। पूज्य महाराज जी ने कहा जैसे हम कहीं से भी किसी स्थान से मोबाइल आदि आधुनिक तकनीकों से वार्तालाप करते हैं वैसे ही अगर हम श्रद्धा पूर्वक पितरों को तर्पण और श्राद्ध करेंगे तो पितरों को अवश्य ही प्राप्त होगा। सामर्थ्यवान लोग ही तपस्वी होते हैं जगत में जो तपस्या करने वाले हैं उन्हीं को यश की प्राप्ति होती है। जो लोग जीवन में तपस्या के लिए कष्ट नहीं चाहता वो यश की प्राप्ति नहीं कर पाता तपस्या के बल पर कई लोगों ने अपने अभीष्ट की पूर्ति की है। आसुरी शक्तियों पर विजय प्राप्त करते हैं जो शक्ति के उपासक होते हैं। दैवीय विचारों की प्रतिभा महिसासुर जैसे असुर के भय से भयभीत हो गई थी सभी देवता पाहि माम् करने लग गए और ब्रम्हा, विष्णु, महेश से प्रार्थना की त्रिदेवों ने अपनी शक्ति के रूप में आदिशक्ति भगवती को प्रगट किया। संसार में आज भी दैवीय और आसुरी विचारधारा के लोग है और असुरी विचारधारा के लोग दैवीय विचारधारा के लोगों को परेशान कर रहे हैं। सम्पूर्ण विश्व के कल्याण की भावना जिसमें हो वही धर्म है उसी सनातन धर्म की रक्षा के लिए देवताओं ने शक्ति की उपासना की।

## दो हिस्सों में बंटी लोजपा

दो गुटों में बंटी लोक जनशक्ति पार्टी को लेकर चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला सुनाया है। चुनाव आयोग ने लोकजनशक्ति पार्टी के दोनों गुटों को अलग-अलग पार्टी के तौर पर मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने पुराना नाम और चुनाव चिह्न भी खत्म कर दिया है।आयोग ने चिराग पासवान के नेतृत्व वाले गुट को पार्टी का नया नाम लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) दिया है और चुनाव चिह्न हेलीकॉप्टर आवंटित किया है। वहीं, उनके चाचा पशुपति पारस को राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी और सिलाई मशीन चुनाव चिह्न प्रदान किया गया है। एलजेपी के संस्थापक और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के निधन के बाद पार्टी में दो गुट हो गया था। राम विलास के बेटे चिराग पासवान अकेले पड़ गए थे। वहीं, बाकी सांसद उनके चाचा पशुपति कुमार पारस के साथ चले गए थे। पार्टी के सिंबल को लेकर चाचा-भतीजा के बीच लगातार तनातनी का माहौल बना हुआ था। दोनों नेताओं की ओर से पार्टी के चिह्न हो लेकर दावा किया जा रहा था। लगातार इसको लेकर सियासत हो रही थी। पछले सप्ताह चुनाव आयोग ने लोजपा का चुनाव चिह्न जब्त कर लिया था। चाचा-भतीजा ने चुनाव आयोग से पार्टी का नाम और चुनाव चिह्न जारी करने की मांग की थी। चुनाव आयोग ने दोनों नेताओं को पार्टी का नाम और चिह्न अलॉट कर दिया है। चिराग पासवान ने चुनाव आयोग को एक पत्र लिखकर इस मामले में पशुपति पारस गुट पर आरोप लगाया था कि पशुपति पारस का गुट जानबूझकर नामों और सिंबल का तीन विकल्प देने में देरी कर रहा है ताकि आयोग फैसला नहीं कर सके। चिराग ने आरोप लगाया था कि आयोग की ओर से फैसले में हो रही देरी से उनकी चुनावी तैयारियों पर भी असर पड़ रहा है। चिराग पासवान बिहार विधानसभा की दो सीटों पर 30 अक्टूबर को होने वाले उपचुनाव में अपने उम्मीदवार उतारना चाहते हैं। कुशेश्वरस्थान और तारापुर की सीट पर चिराग प्रत्याशी उतारेंगे। पासवान के निधन के बाद छोटे भाई पशुपति कुमार पारस ने चार अन्य सांसदों की मदद से अपने भतीजे चिराग पासवान के खिलाफ बगावत का झंडा बुलंद किया, तो लोगों को हैरानी हुई थी। आखिकार, पासवान खानदान की मिसाल सियासत में पारिवारिक एकता बनाए रखने के कारण वर्षों से दी जाती रही। बिहार में इसकी पहचान ऐसे कुनबे के रूप में रही, जो अच्छे और बुरे वक्त में साथ रहा है। इसलिए इस चट्टानी एकता के टूटने से लोगों का हैरान होना लाजिमी था। एकता की इस डोर को रामविलास थामे रहे, वरना उनके जीवित रहते बगावत की नींव पड़ चुकी थी। रामविलास के कद के बराबर न तो चिराग थे और न ही पशुपति। लिहाजा साथ बने रहना दोनों की मजबूरी थी, मगर हसरतें जब-तब हिलारें मारती रहीं। पासवान ने हमेशा पार्टी से ज्यादा परिवार को अहमियत दी। परिवार से बाहर के नेता दल में आते और जाते रहे, लेकिन भाई-भतीजावाद के आरोपों से इतर, उनका आपसी प्यार उनकी राजनैतिक महत्वाकांक्षाओं पर हमेशा भारी पड़ा। अब सब कुछ बदल गया है। चाचा पारस और भतीजे चिराग के बीच वर्चस्व की लड़ाई के कारण लोजपा दो टुकड़ों में टूट गई है। इस विभाजन से सबसे ज्यादा खुशी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को होगी। सियासी हलकों में चर्चा है कि लोजपा में जारी पारिवारिक जंग के पीछे उन्हीं का हाथ है। पिछले नवंबर में बिहार विधानसभा चुनावों में चिराग ने जनता दल-यू के सभी प्रत्याशियों के खिलाफ लोजपा के उम्मीदवार खड़े किए, जिससे नीतीश को करीब 35 सीटों का नुकसान झेलना पड़ा। साथ ही, भाजपा के साथ गठबंधन में उनकी हैसियत बड़े भाई से घटकर छोटे भाई की हो गई।

# कांग्रेस में नेहरू गाँधी परिवार का कोई विकल्प नहीं

**तनवीर जाफ़री**

स्वतंत्र भारत में जिन साम्प्रदायिक व विघटनवादी शक्तियों को कांग्रेस ने लगभग पचास वर्षों तक सत्ता के क़रीब आने का अवसर नहीं दिया वह भले ही कांग्रेस-मुक्त भारत की अवधारणा अपने दिल में लिये बैठे हों परन्तु हक़ीक़त तो यही है कि समयानुसार कांग्रेस पार्टी भी नए कलेवर,नए तेवर व नए नेतृत्व के साथ उभरती नज़र आ रही है। निश्चित रूप से इसी दौरान कांग्रेस कुछ ऐसे स्वार्थी नेताओं की वजह से आंतरिक उथल पुथल के दौर से भी गुज़र रही है जो सत्ता के भूखे होने के साथ साथ सिद्धांत व विचार विहीन भी हैं। परन्तु इसका अर्थ यह भी नहीं कि कांग्रेस इन चंद सत्ता लोभियों के पार्टी छोड़ने से समाप्त हो जायेगी। ब्रह्मानंद रेड्डी,देवराज अर्स जैसे कई विभाजन देखने व अनेकानेक दिग्गज नेताओं के किसी न किसी कारणवश पार्टी छोड़ने के बावजूद आज भी पार्टी देश के सबसे बड़े विपक्षी दल के रूप में क़ायम है। और इसका श्रेय सिर्फ़ और सिर्फ़ नेहरू-गाँधी परिवार को ही जाता है। 2014 में कांग्रेस कैसे सत्ता से बाहर हुई, कैसे पचास वर्षों तक दर्जनों हिंदूवादी संगठनों द्वारा हिंदुत्ववाद के विस्तार व धर्म-जागरण के नाम पर देश में साम्प्रदायिकता का प्रचार प्रसार कर,देश में ध्रुवीकरण की राजनीति कर तथा झूठ के रथ पर सवार होकर अन्ना आंदोलन के कंधे पर बैठकर, सत्ता हासिल की गयी यह पूरा देश देख रहा है।

इन परिस्थितियों में कांग्रेस नेताओं को राष्ट्रीय स्तर पर एकजुटता का प्रदर्शन करना चाहिए,अपने नेतृत्व पर विश्वास रखना चाहिये,संगठन का विस्तार करना चाहिए और देश को साम्प्रदायिक ताक़तों के चंगुल से मुक्त कराने के लिये समान विचार वाले संगठनों व नेताओं से तालमेल बनाना चाहिये। बजाये इसके कई राज्यों में सत्ता संघर्ष छिड़ा दिखाई दे रहा है। अनेक सिद्धांत व विचार विहीन तथाकथित कांग्रेसी नेता सत्ता की लालच में उसी दल में जा पहुंचे हैं जहां से कांग्रेस मुक्त भारत का नारा दिया गया है। ऐसे तमाम दलबदलुओं को कुछ न कुछ लॉलीपॉप दिया भी जा चुका है। कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से पार्टी में ही कुछ ऐसे नेता अभी भी असंतुष्ट दिखाई दे रहे हैं जिनका अपना न तो कोई जनाधार है और सही मायने में तो ऐसे ही नेता पार्टी को कमज़ोर करने के ज़िम्मेदार भी हैं। इन %असंतुष्टों% में कोई एक भी ऐसा नेता नहीं जो वर्तमान सरकार और उसकी जनविरोधी नीतियों का पूरी ताक़त के साथ विरोध करता दिखाई दे रहा हो। केवल नेहरू-गाँधी परिवार विशेषकर राहुल गांधी व प्रियंका गाँधी ही हैं जो हर उस जगह पहुँचती दिखाई दे रही हैं जहाँ लोग दुःख-पीड़ा या सरकार के दमनात्मक रवैय्ये से दुखी व परेशान हैं। सत्ता को उसके चुनावी वादों की याद भी केवल राहुल व प्रियंका गाँधी करवा रहे हैं।

बड़े आश्चर्य की बात है कि इन बातों का आंकलन वामपंथी युवा नेता कन्हैया कुमार व जिग्नेश मिवानी जैसे युवा नेता तो कर रहे हैं परन्तु कांग्रेस में रहने वाले नेता इस बात को या तो समझ नहीं पा रहे या समझना नहीं चाह रहे। वामपंथी परिवेश में पला बढ़ा एक युवा नेता तो महसूस कर रहा है कि संविधान,लोकतंत्र तथा देश की रक्षा के लिये तथा गाँधी,अंबेडकर व भगत सिंह के सपनों के भारत के निर्माण के लिये कांग्रेस का शक्तिशाली होना ज़रूरी है परन्तु कांग्रेस में पले-बढ़े व सवार्थवश पार्टी में आयातित कुछ कांग्रेस नेताओं को उनका अहंकार,स्वार्थ,दंभ व अहम ही खाये जा रहा है। कांग्रेस के कमज़ोर होने के बावजूद जो लोग राहुल गाँधी के एक आक्रामक विपक्षी नेता के तेवरों से प्रभावित होकर तथा यह जानकर कि सत्ता की ऐश परस्ती व सुविधाओं से अभी कांग्रेस काफ़ी दूर है,उसके बावजूद कांग्रेस का दामन थाम रहे हैं वे कांग्रेस के हितैषी हैं या वह लोग जो दशकों तक सत्ता की



मलाई खाने के बावजूद कांग्रेस के मात्र सात वर्षों के केंद्रीय सत्ता से बाहर रहने से घबरा कर अपनी सुविधानुसार उस दल में जा रहे हैं या जाने की फ़िराक़ में हैं जो सैद्धांतिक व वैचारिक रूप से कांग्रेस विरोधी है ?

रहा सवाल कांग्रेस में %जी हुज़ूरी % व खुशामद परस्ती संस्कृति का तो यह विडंबना हमारे देश के सभी राजनैतिक दलों,संस्थाओं व संस्थानों की है। इसी संस्कृति को पहचानकर व इसका लाभ उठाकर अंग्रेज़ों ने हम पर हुकूमत की। सही को सही और ग़लत को ग़लत कहने का साहस हर एक व्यक्ति नहीं कर पाता। वर्तमान सत्ता के शीर्ष को ही देख लीजिये। पूरे मंत्रिमंडल से लेकर प्रशासन तक तथा बड़े बड़े मीडिया घराने तक एक ही व्यक्ति के समक्ष %जी हुज़ूरी % या खुशामद परस्ती ही नहीं बल्कि %साष्टांग दंडवत % की मुद्रा में हैं। हमारे यहाँ तो पल भर में नेताओं को देवी-देवताओं का रूप तक दे दिया जाता है। उनके मंदिर तक बना दिये जाते हैं। इस मानसिक प्रवृति पर शीघ्र क़ाबू नहीं पाया जा सकता। निश्चित रूप से इस चाटुकार संस्कृति ने कांग्रेस को भी नुक़सान पहुँचाया है।

याद कीजिये 1987 में जब विश्वनाथ प्रताप सिंह के विरुद्ध कांग्रेस ने इलाहबाद उपचुनाव में सुनील शास्त्री जैसे कमज़ोर उम्मीदवार को प्रत्याशी बनाया था उस समय पार्टी की %वर्तमान असंतुष्ट लॉबी% के इन्हीं नेताओं ने सुनील शास्त्री को प्रत्याशी बनाने की सलाह राजीव गाँधी को दी थी। अन्यथा यदि इलाहाबाद की जनता व पार्टी कार्यकर्ताओं की मांग पर अमिताभ बच्चन को ही विश्वनाथ प्रताप सिंह की कथित बोफ़ोर्स रिश्वत कांड के झूठे आरोपों की चुनौती स्वीकार करने के लिये उपचुनाव में उतारा गया होता तो कांग्रेस को आज यह दिन न देखने पड़ते। बड़ा आश्चर्य है कि नेहरू-गाँधी के चित्र व उनके नाम की बैसाखी के सहारे जिन लोगों ने विधायक,सांसद,मंत्री व मुख्यमंत्री पदों तक का सफ़र तय किया वही लोग आज सिर्फ़ इसलिये इस परिवार व इनकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठा रहे हैं क्योंकि पार्टी सत्ता से दूर है ?

कश्मीर से कन्याकुमारी तक कोई ऐसा कांग्रेस नेता नहीं जो अपने चुनाव क्षेत्र में नेहरू-गाँधी परिवार के सदस्यों के चित्र अपने चुनावी बैनर्स व पोस्टर्स में छपवाये बिना चुनाव लड़ता हो। इस परिवार ने स्वतंत्र संग्राम के समय व स्वतंत्र भारत में भी देश के लिये जो खोया है उसका मुक़ाबला कोई भी कांग्रेस नेता या उसका घराना नहीं कर सकता। आज भी देश के किसी भी राज्य में शहर से गांवों तक में जो आकर्षण इस परिवार के नेताओं के प्रति है वह किसी नेता में नहीं। अपनी सुविधापूर्ण ज़िन्दिगी को त्याग कर पार्टी को मज़बूत करने के लिये राहुल व प्रियंका गाँधी द्वारा जितनी मेहनत व मशक़्क़त की जा रही है वह देश देख रहा है। देश को यदि कांग्रेस से कोई उम्मीद दिखाई दे रही है तो वह राहुल व प्रियंका के युवा नेतृत्व में ही नज़र आ रही है। कहना ग़लत नहीं होगा कि कांग्रेस में नेहरू गाँधी परिवार का कोई विकल्प मौजूद नहीं है।

## क्या है जीवन का सार

दुख एक मानसिक कल्पना है। कोई पदार्थ, व्यक्ति या क्रिया दुख नहीं है। संसार के सब नाम-रूप गधा-हाथी, स्त्री-पुरुष, पशु-पक्षी, वृक्ष-लता आदि खिलौने हैं। हम अपने को खिलौना मानेंगे तो गधा या हाथी होने का सुख-दुख होगा, अपने को स्वर्ण, मूल्यधातु देखेंगे तो यह मनुष्य देह नहीं रहेंगे। हम विराट् हैं, साक्षात् ब्रह्म है। जो मनुष्य इस जगत प्रपंच को सत्य देखता है, उसे माया ने ठग लिया है। जो पहले भी नहीं थे, आगे भी नहीं रहेंगे, बीच में थोड़ी देर को दिखाई दे रहे हैं, उन्हीं को सब कुछ समझ कर माया मोहित मनुष्य व्यवहार कर रहा है। तत्वज्ञान शिक्षा देता है कि जो कुछ दिखाई दे, उसे दिखाई देने दो, जो बदलता है, उसे बदलने दो, जो आता-जाता है, उसे आने जाने दो। यह सब जादू का खेल है।

ये हि संस्पर्शजा भोगा दुःखयोनय एव ते। आद्यन्तवन्तः कौन्तेय न तेषु रमते बुधः।

पुराणों में एक कथा आती है- महाराज जनक के जीवन में कोई भूल हो गई थी। मरने पर उन्हें यमलोक जाना पड़ा। वहां उससे कहा गया- नरक चलो। महाराज जनक तो ब्रह्मज्ञानी थे। उन्हें क्या स्वर्ग, क्या नरक। वे प्रसन्नतापूर्वक चले गए। नरक में पहुंचे तो चारों ओर से पुकार आने लगी- महाराज जनक जी! तनिक यहीं ठहर जाइए।

महाराज जनक ने पूछा- यह कैसा शब्द है?

यमदूतों ने कहा-नरक के प्राणी चिल्ला रहे हैं।

जनक ने पूछा-क्या कह रहे हैं ये?

यमदूत बाले-ये आपको रोकना चाहते हैं।

# फिल्मों में भारतीयता को मंच देगा चित्र भारतीय फिल्म महोत्सव

**विवेक पाठक स्वतंत्र**

हमारी फिल्में करोड़ों भारतीयों को प्रभावित करती हैं। ये देश दुनिया में देखी जाती हैं। फिल्मों के नायक नायिका आम जीवन में असर डालते हैं। उनके संवाद सालों तक हमारे अवचेतन में छाए रहते हैं। ये फिल्में समय समय पर सार्थक संदेश भी देने वाली रहीं हैं। फिल्म जगत की इसी ताकत को समझते हुए भारतीय चित्र साधना ने फिल्मों में भारतीयता और वहां से प्रेरक संदेश देने के लिए अपना अभियान जारी रखा है। 2016 में लघु फिल्मों को परिवर्तनकारी बनाने के उद्देश्य से इसकी शुरुआत हुई है और इसके लिए देश में राष्ट्रीय स्तर पर अखिल भारतीय लघु फिल्म महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। 2022 में राष्ट्रीय आयोजन से पहले ग्वालियर में संभागीय लघु फिल्म महोत्सव होने जा रहा है। 3 से 4 अक्टूबर तक इस महोत्सव में समाज को सार्थक व प्रेरक संदेश देने वाली फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी।

राष्ट्रवाद से प्रेरित भारतीय चित्र साधना सिनेमा की ताकत को सार्थक दिशा देने में तेजी से कार्य कर रही है। इस समय पूरे देश में भारतीय चित्र साधना के अंतर्गत लघु फिल्म महोत्सव अलग अलग शहरों में आयोजित किए जा रहे हैं। ग्वालियर में यह आयोजन भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान के सभागार में आयोजित होने जा रहा है। इस आयोजन में प्रदेश के निर्माताओं, छात्र छात्राओं द्वारा लघु फिल्म, डॉक्युमेंट्री, एनीमेशन एवं कैम्पस फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस आयोजन की क्या उपयोगिता है एवं इसका क्या असर होगा इस संबंध में भारतीय चित्र साधना के प्रांत सह संयोजक दिनेश चाकणकर कहते हैं कि फिल्मों का हमारे जनजीवन, सोच विचार पर व्यापक असर होता है। हम देशभक्ति से परिपूर्ण फिल्म देखते हैं तो राष्ट्रप्रेम के भाव से भर जाते हैं, हम कोई सत्य जीवन पर आधारित फिल्म देखते हैं तो उसके जीवन से बहुत कुछ सीखते हैं। भारत में बनी कई फिल्मों ने आम भारतीयों का मानस बदला है। चक दे इंडिया फिल्म की बात करें तो इस फिल्म के बाद से महिला हॉकी की पूरे



देश में चर्चा हुई है। महिला हॉकी के लिए वातावरण बना है। पूरे देश की बच्चियों ने जाना समझा है कि हॉकी केवल पुरुषों का ही खेल नहीं है महिलाएं भी इसमें बराबर से बाजी मार सकती है। इस फिल्म के बाद से देश की लड़कियों ने हॉकी में अच्छा खेल दिखाया है ये सिलसिला इस कदर जारी रहा कि इस बार के ओलंपिक में हम पदक से बस एक कदम दूर रह गए। यह सिर्फ एक उदाहरण मात्र है। ऐसी अनेक फिल्में बनी हैं एवं हजारों के बनने की गुंजाइश है। अगर फिल्मों से अच्छा संदेश जाता है तो अनेक फिल्में दूषित विचार के साथ बनाई जाती हैं। समाज में बढ़ते अपराधों की विवेचना में कई बार ये तथ्य सामने आया है कि अमुक अपराधियों ने फिल्मों से अपराध के तरीके सीखे। फिल्मों में वीभत्स और अश्लील दृश्यों के कारण अनेक अपराध समाज में घटित होते हैं। इस तरह फिल्मों का प्रभाव दोनों तरह का हो सकता है। ऐसे में आवश्यकता है कि फिल्मकारों के पास एक उज्जवल दृष्टि रहे वे समाज के बीच अच्छा स्वस्थ मनोरंजन करें साथ ही कुछ अच्छा करने को प्रेरित करें। अच्छी कहानियां, संघर्ष के कथानक समाज को कुछ कर गुजरने एवं परिवर्तन के लिए प्रेरित करते हैं। चित्र भारती लघु फिल्म महोत्सव में हमने सात विषय देकर ऐसे ही प्रेरक एवं संदेश भरी कहानियां आमंत्रित की हैं। लघु फिल्म उत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. केशव पांडे कहते हैं कि समाज में चलचित्र जनसंचार का माध्यम है एवं इसकी पहुंच गांव गांव शहर शहर एवं विदेशों तक है। आज अप्रवासी भारतीयों से लेकर विदेशों में भी भारतीय फिल्में देखी जाती हैं। ऐसे में यह बहुत आवश्यक हो गया है कि भारत की फिल्में भारतीय संस्कृति, आचार विचार, जीवन मूल्यों, मुद्दों, हमारे प्रेरक व्यक्तित्वों एवं घटनाओं को सार्थक दृष्टि के साथ प्रस्तुत करें। इससे भारत और भारत के बाहर देश की संस्कृति पहुंचेगी एवं लोग भारत और यहां के उच्च जीवन मूल्यों को समझ एवं आत्मसात कर पाएंगे। डॉ. पांडे कहते हैं कि आज हर किसी पर स्मार्ट फोन है एवं भारत में हर तरफ प्रेरक कहानियां बिखरी हुई हैं।

# भारत में हिंदी राजभाषा /राष्ट्रभाषा बनना असंभव

### सूडोकु नवताल- 5856

✱✱✱✱✲ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5855 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

आप जिंतना परछाई पकड़ने का प्रयास करते हैं वह बढ़ती जाती हैं और आप स्थिर हो जाये तो वह पकड़ में आ जाती हैं। हिंदी दिवस में हिंदी कि बात एक औपचारिकता होती हैं। आज हिंदी का विकास, लेखन और प्रचलन कागजों में बहुत हैं पर व्यवहारिक धरातल पर कोसों दूर हैं। कोई भी भाषा, जाति, धर्म, चिकित्सा को राज्याश्रय प्राप्त नहीं होता तब तक विकास नहीं होता हैं। आज भी केंद्र सरकार कोई प्रयन्त शील नहीं हैं। कारण भारत एक बहुविविधताओं का देश हैं। यहाँ भाषा का ध्रुवीकरण बहुत अधिक हैं। हर प्रान्त वासी अपनी अपनी भाषा पर गुमान करता हैं जो स्वाभाविक और लाज़िमी हैं पर मानसिक क्षुद्रता के कारण पूर्ण परिप्रेक्ष्य में सोच अभी तक विकसित नहीं हो पायी। प्रत्यक्ष में विरोध पर परोक्ष में उसके प्रति भक्ति जैसे सिनेमा, फ़िल्मी गाने, साहित्य लोकप्रियताके लिए हिंदी का अवलम्बन लेते हैं।

आज जितनी अधिक शक्ति हिन्दीकरण के लिए कि जाती हैं उससे अधिक शक्ति विरोध के लिए। आज हमारे देश में कोई राष्ट्र भाषा नहीं, कोई राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा नहीं, कोई प्रकारका आपसी सहयोग नहीं। .भाषा से कोई विरोध नहीं पर हिंदी कि कोई पूर्ण स्वीकारता नहीं ऐसा क्यों ?हम लोग बहुत बढ़चढ़ कर बात करते हैं पर हमारे नागरिक अपनी संतानों को अंग्रेजी माध्यम के



लिए आतुर रहते हैं। क्योंकि आज सम्पर्क भाषा अंग्रेजी हैं। सरकार संस्कृत को भी बढ़ावा देना चाहती हैं पर कितने स्वीकार करेंगे। बहूत महत्वपूर्ण बात यह हैं जहाँ से हिंदी कि बुनियाद बनती हैं उसका स्थान शून्य हैं यानी प्राथमिक शालाओं कि स्थिति विशेषकर मध्य प्रदेश में बहुत दयनीय हैं, स्कूलों के भवन, बुनियादी संरचना, शिक्षकों का आभाव, छात्रों कि रूचि न होना और शासन का मात्र घोषणा कि पूर्व में कुछ नहीं किया गया और भविष्य में यह करेंगे और वर्तमान में शून्य विकास। जब तक हम सरकारी और असरकारी स्कूलों में परस्पर स्पर्धा का भाव जाग्रत नहीं करेंगे आने वाले समय में शिक्षा भी सरकारों के हाथ से निकल जाएँगी और हम कोरी लाठी पटकेंगे।

स्नातक, पारा स्त्नातक और शोध का कार्य भी अंग्रेजित में हैं, सरकारी आदेश अनुदेश सब अंग्रेजी भाषा में, न्यायालय उच्चतम और उच्च न्यायालय आज भी अंग्रेजी भाषा पर निर्भर हैं स्थानीय भाषा का कोई महत्व नहीं पर प्रांतीय भाषा पर दक्षिण के राज्य चाहते हैं। .

जब एक सांसद के कहने पर हाई कोर्ट केंद्र सरकार को यह व्यवस्था दे की अंग्रेजी भाषा के पत्र का उत्तर अंग्रेजी में ही दिया जाय हिंदी में नहीं। हम कैसे एक राष्ट्र के नागरिक हैं? दक्षिण राज्य सब हिंदी जानते समझते और बोलते हैं। हिंदी फिल्मों के गाना,पिक्चर देखते हैं और उसका आनंद लेते हैं पर हिंदी के पत्रचार से इतनी अधिक नफरत ऐसा क्यों ?क्या यह सोची समझी राजनीती हैं ?यदि हां तो यह संकीर्ण मानसिकता का घोतक हैं।

विगत सौ बरस से देश हिंदी राष्ट्रभाषा का गौरव देखना चाहता हैं या चाह रहा हैं पर घ्रणित राजनीति के कारण राष्ट्रभाषा का गौरव नहीं प्राप्त हो पा रहा हैं। सब अपनी अपनी भाषा का विकास करे पर जो बहुलता से बोलचाल में चलन में हैं उसको उसकी प्रतिष्ठा के अनुरूप बैठने दे. हिंदी भाषी हठधर्मिता नहीं करते या निभाते अन्यथा हिंदी भाषी प्रान्त एक जुट हो जाए तो ऐसा कोई कठिन काम नहीं हैं और केंद्र सरकार भीरुता का परिचय देती हैं। जो कदापि मान्य नहीं हैं। सरकारें वोट बैंक के कारण शरणागत हो जाती हैं।

## कोरोना से भी खतरनाक है मंहगाई

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

देश में कोरोना की महामारी घटी तो अब मंहगाई की महामारी से लोगों को जूझना पड़ रहा है। कोरोना घटा तो लोग घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर बाहर जाना चाहते हैं लेकिन जाएं कैसे ? पेट्रोल के दाम 100 रु. लीटर और डीजल के 90 रु. को पार कर गए। कार-मालिकों को सोचना पड़ रहा है कि क्या करें ? कार बेच दें और बसों, मेट्रो या आटो रिक्शा से जाया करें लेकिन उनके किराए भी कूद-कूदकर आगे बढ़ते जा रहे हैं। पेट्रोल और डीजल की सीधी मार सिर्फ मध्यम वर्ग पर ही नहीं पड़ रही है, गरीब वर्ग भी परेशान है। तेल की कीमत बढ़ी तो खाने-पीने की रोजमर्रा की चीजों के दाम भी आसमान छूने लगे हैं। सब्जियां तो फलों के दाम बिक रही हैं और फल ग्राहकों की पहुंच के बाहर हो रहे हैं। दुकानदार हाथ मल रहे हैं कि उनके फल अब बहुत कम बिकते हैं और पड़े-पड़े सड़ जाते हैं। लोगों ने सब्जियाँ और फल खाना कम कर दिया लेकिन दालों के भाव भी दमघोटू हो गए हैं। आम आदमी की जिंदगी पहले ही दूभर थी लेकिन कोरोना ने उसे और दर्दनाक बना दिया है। सरकारी नौकरों, सांसदों और मंत्रियों के वेतन चाहे ज्यों के त्यों रहे हों लेकिन गैर-सरकारी कर्मचारियों, मजदूरों, घरेलू नौकरों की आमदनी तो लगभग आधी हो गई। उनके मालिकों ने कोरोना-काल में हाथ खड़े कर दिए। वे ही नहीं, इस आफतकाल में पत्रकारों-जैसे समर्थ लोगों की भी बड़ी दुर्दशा हो गई। कई छोटे-मोटे अखबार तो बंद ही हो गए। जो चल रहे हैं, उन्होंने अपने पत्रकारों का वेतन आधा कर दिया और दर्जनों पत्रकारों को बिदा ही कर दिया। जो सेवा-निवृत्त पत्रकार लेख लिखकर अपना खर्च चलाते हैं, उन्हें कई अखबारों ने पारिश्रमिक भेजना ही बंद कर दिया। बेचारे दर्जियों और धोबियों की भी शामत आ गई। जब लोग अपने घरों में घिरे रहे तो उन्हें धोबी से कपड़े धुलाने और दर्जी से नए कपड़े सिलाने की जरुरत ही कहां रह गई? भवन-निर्माण का धंधा ठप्प होने के कारण लाखों मजदूर अपने गांवों में ही जाकर पड़े रहे। यही हाल ड्राइवरों का हुआ। बस मौज किसी की रही तो डॉक्टरों और अस्पताल मालिकों की रही। उन्होंने नोटों की बरसात झेली और मालामाल हो गए लेकिन वे डॉक्टर, वे नर्सें और वे कर्मचारी हमेशा श्रद्धा के पात्र बने रहेंगे, जिन्होंने इस महामारी के दौरान मरीजों की लगन से सेवा की और उनमें से कइयों ने अपनी जान की भी परवाह भी नहीं की। वे मनुष्य के रुप में देवता थे। लेकिन यह न भूलें कि मंहगाई के इस युग में लाखों ऐसे मरीज भी रहे, जिन्हें ठीक से दवा भी नसीब नहीं हुई। हजारों की जान इलाज के अभाव में चली गई।

# अपने वर्कआउट रूटीन को बेहतर बनाना चाहते हैं तो इन बातों पर दें खास ध्यान



इस बात में कोई दो राय नहीं है कि रोजाना वर्कआउट करने से फिट रहने में मदद मिलती है, लेकिन अक्सर लोग वर्कआउट रूटीन के दौरान ऐसी गलतियां कर बैठते हैं जिनसे उनके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए अगर आप अपना वर्कआउट रूटीन बनाने जा रहे हैं तो आपको कुछ बातों पर खास ध्यान देना चाहिए ताकि आपको इससे कोई नुकसान न हो। चलिए फिर जानते हैं कि वर्कआउट के दौरान किन बातों का विशेष ख्याल रखना चाहिए।

**लक्ष्य निर्धारित करें:** अपनी दिनचर्या में कुछ भी बदलाव करने से पहले एक लक्ष्य निर्धारित जरूर करें। अगर आप वर्कआउट रूटीन बनाने जा रहे हैं तो पहले अपना लक्ष्य निर्धारित करें कि आपको क्या हासिल करना है और फिर इसके आधार पर वर्कआउट रूटीन के लिए क्या जरूरी है और किस तरह की एक्सरसाइज को वर्कआउट रूटीन में शामिल करना फायदेमंद रहेगा आदि चीजें निर्धारित करें। अपना लक्ष्य निर्धारित करने और वर्कआउट रूटीन तैयार करने के बाद आप इसकी शुरूआत कर सकते हैं।

**वार्म अप करना और शांत रहना है जरूरी:** अगर आप अपने वर्कआउट रूटीन की शुरूआत वार्म अप से करते हैं तो यह आपके लिए बेहद फायदेमंद सिद्ध हो सकता है क्योंकि वार्म अप करने से आपके रिलेक्स मसल्स एक्टिव हो जाते हैं। इससे आपका शरीर वर्कआउट के लिए तैयार हो जाता है और शरीर में दर्द होने की संभावना भी कम हो जाती है। इसके अलावा वर्कआउट करते वक्त एकदम शांत रहने की भी कोशिश करें।

**आसान एक्सरसाइज से करें शुरूआत:** अगर आप चाहते हैं कि आपको आपके वर्कआउट रूटीन से पूरा फायदा मिले तो आसान एक्सरसाइज से अपने वर्कआउट रूटीन का आगाज करें। दरअसल, अक्सर यह देखने में आता है कि लोग जोश-जोश में हैवी एक्सरसाइज से अपना वर्कआउट रूटीन शुरू कर देते हैं और फिर बाद में उनका शरीर दर्द करने लगता है। इसलिए आप ऐसा न करें। इसके अलावा अगर आपने पिछले कुछ समय में एक्सरसाइज नहीं की है तो एकदम से एक-साथ ज्यादा एक्सरसाइज न करें।

**इस बात का भी रखें ध्यान:** अगर आप यह चाहते हैं कि वर्कआउट रूटीन से आपको पूरा फायदा मिले तो इसमें शामिल एक्सरसाइज को करते समय ऐसी चीजों को खुद से दूर रखें जो आपका ध्यान भटका सकती हैं, जैसे कि मोबाइल और टीवी आदि। बेहतर होगा कि वर्कआउट करते वक्त आप अपने मोबाइल को साइलेंट या एयरप्लेन मोड पर कर दें। इसके अलावा ऐसे कमरे या जगह पर वर्कआउट करें जहां आपका ध्यान सिर्फ एक्सरसाइज पर ही लगा रहे।

## विद्युत जामवाल की फिल्म का नया पोस्टर हुआ रिलीज, दशहरे पर मचाएंगे धमाल

बॉलीवुड एक्टर विद्युत जामवाल एक्शन के लिए जाने जाते हैं. वह अपनी जबरदस्त एक्शन और एक्टिंग से सभी का दिल जीत लेते हैं. अब वह नई फिल्म लेकर आ रहे हैं. उनकी नई फिल्म का नाम सनक है और ये ओटीटी प्लेटफॉर्म पर धमाल मचाने के लिए तैयार है. इस फिल्म का नया पोस्टर आज रिलीज हुआ है. इस साल दशहरा (15 अक्टूबर) के मौके पर डिज्नी+ हॉटस्टार पर 'सनक ङ्क होप अंडर सीज' रिलीज होने जा रही है. निर्माता विपुल अमृतलाल शाह और ज़ी स्टूडियोज ने अब होस्टेज ड्रामा से विद्युत जामवाल और बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रही बंगाली मूवी स्टार रुक्मिणी मैत्रा का एक नया पोस्टर रिलीज़ कर दिया है. रुक्मिणी, जो विद्युत के साथ 'सनक' में बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैं, उन्हें बंगाली फिल्म उद्योग में सबसे लोकप्रिय और सबसे बड़े नामों में से एक माना जाता है, जिसमें कुछ सफल फिल्मों का श्रेय उन्हें जाता है. रुक्मिणी कहती हैं, जब मुझे विद्युत जामवाल की एक एक्शन थ्रिलर के लिए विपुल शाह के ऑफिस से कॉल आया, तो मुझे पता था कि यह भारत में बनने वाली बेहतरीन एक्शन थ्रिलर में से एक होगी, क्योंकि विपुल सर ने शानदार बड़े बजट की एक्शन फिल्में बनाई है. साथ ही इसमें परफॉर्मेंस का स्कोप था, जिसे मैं हमेशा एक अभिनेता के रूप में चाहती हूं. तो यह मेरे लिए फायदे की स्थिति थी. वे एक नए चेहरे की तलाश में थे और मुझे एक छोटा सा ऑडिशन भेजने के लिए कहा गया और मुझे फिल्म के लिए साइन कर लिया गया. विपुल शाह बताते है, चूंकि प्रेम कहानी 'सनक' का एक अभिन्न हिस्सा है, इसलिए हम फिल्म में विद्युत के साथ एक नए चेहरे की तलाश कर रहे थे और रुक्मिणी सही विकल्प थीं. विद्युत और रुक्मिणी दोनों एक बेहतरीन जोड़ी बनाते हैं और मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री पसंद आएगी. विद्युत और रुक्मिणी की विशेषता वाले निर्माताओं द्वारा जारी किया गया नया पोस्टर रोमांचक लग रहा है, क्योंकि पोस्टर में यह नया ऑन-स्क्रीन कपल प्यार में डूबा हुआ नजर आ रहा है. दो दशकों से अधिक समय तक सुपरस्टार्स के साथ म्यूजिकल ब्लॉकबस्टर बनाने के अलावा, विपुल शाह ने आदित्य रॉय कपूर और विद्युत जामवाल सहित प्रतिभाशाली अभिनेताओं को भी लॉन्च किया है।



## आदिति बुढाठोकी का कातिलाना अंदाज देखते रह गए फैंस



साउथ की कुछ फिल्मों में नजर आ चुकी अभिनेत्री आदिति बुढाठोकी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है बता दें कि वह सोशल मीडिया पर हमेशा अपने बोल्ड अवतार को लेकर चर्चाओं में बनी रहती है और लोग इनकी तस्वीरों को बेहद पसंद करते हैं . हाल ही में इस अभिनेत्री ने कुछ तस्वीरें शेयर की है जिसमें वह बीच पर इंजॉय करते हुए नजर आ रही है . आप इन तस्वीरों में देख सकते हो कि इनका कातिलाना अंदाज किसी का भी दिल जीत लेने के लिए काफी है और इन तस्वीरों में अदिति बुधाथोकी काफी हॉट लग रही है और कई बार यह अभिनेत्री सोशल मीडिया पर बिकनी अवतार में भी नजर आ चुकी है और युवा लोगों के बीच इनको पसंद किया जाता है. अदिति बुधाथोकी मूल रूप से तो नेपाल की रहने वाली हैं लेकिन पिछले काफी समय से मुंबई में रहकर अपने ऐक्टिंग और मॉडलिंग को करियर को ऊंचाइयां देने की कोशिश कर रही हैं। अब तक अदिति कुछ फिल्मों के अलावा हवा बनके, तुम जहां रहो, जैसे म्यूजिक विडियोज में नजर आ चुकी हैं। जहां से इनकी सुंदरता ने इनके फैंस की संख्या और पर्दे पर इनकी डिमांड दोनों बढ़ा दी हैं। अदिति बुधाथोकी की त्वचा बेहद ग्लोइंग है। इन्हें देखकर ऐसा लगता है मानों इनकी त्वचा पर आसमान से नूर बरस रहा है। क्लीन और क्लियर स्किन के साथ ही अदिति के चेहरे पर गुलाबी सुर्खी साफ दिखती है। सोशल मीडिया अदिति बुधाथोकी खूब एक्टिव रहती हैं, जहां वो अक्सर इंस्टाग्राम पर अपनी कई हॉट तस्वीरों को शेयर करती रहती हैं. भारत और नेपाल से अदिति बुधाथोकी के कई बड़े फैंस हैं जो उनकी तस्वीरों का इंतजार करते हैं. अदिति बुधाथोकी एक फैशन ब्लॉगर भी हैं. जहां वो अपने कपड़ों के स्टाइल को लेकर भी अपने फैंस के बीच चर्चा में रहती हैं. अदिति बुधाथोकी का ये अंदाज उनके फैंस को घायल कर देता है. अदिति बुधाथोकी बॉलीवुड की तमाम हॉट एक्ट्रेस को टक्कर देते हुए नजर आती हैं।

# 'मैं अपनी डेब्यू फिल्म 'स्क्वॉड' को लेकर बेहद एक्साइटेड हूं: मालविका राज

फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में करीना कपूर के बचपन का किरदार निभाने वाले ऐक्ट्रेस मालविका राज अब बड़ी हो चुकी हैं। मालविका अब नीलेश सहाय की फिल्म 'स्क्वॉड' से फिल्म में कदम रख रही हैं, जिसमें वह डैनी डेनजोंगपा के बेटे रिनजिंग डेंजोग्पा के साथ नजर आएंगी। मालविका ने अपनी इसी पहली फिल्म, बॉलिवुड और अपने फेवरेट सितारों को लेकर कुछ बातें कही हैं।

मालविका से पूछा गया कि 'कभी खुशी कभी गम' में वह अपने 'पूजा' वाले छोटे सा रोल में छा गईं, क्यों उन्हें अंदाजा था कि यह आइकॉनिक साबित होगी? इसपर जवाब में उन्होंने कहा कि तब वह 'कुछ कुछ होता है' की बड़ी फैन थीं और उस उम्र में इतना कुछ कोई सोचता नहीं। उन्होंने कहा कि वह केवल इसी बात पर बहुत खुश थीं कि वह बॉलिवुड के बड़े स्टार्स के साथ काम करने जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि वह उस समय काफी छोटी थीं और उन्हें अमिताभ बच्चन, जया बच्चन रितिक रोशन, काजोल और शाहरुख खान जैसे सितारों के साथ काम करने का मौका मिल गया था और उनमें से किसी ने उन्हें कभी कम फील नहीं कराया। मालविका ने कहा कि उन्होंने इन सितारों से सबसे बड़ी बात यह सीखी कि आप ऊंचाई पर उड़ान भरते हुए भी कैसे जमीन से जुड़े रह सकते हैं। इन सितारों के साथ उनके काम का



एक्सपीरिंय काफी शानदार रहा और उसी वक्त उन्हें महसूस हो चुका था कि यही उनका करियर बनने वाला है।

प्रड्यूसर-डायरेक्टर बॉबी राज की बेटी मालविका फिल्मी बैकग्राउंड फैमिली से हैं और इस बारे में बातें करते हुए उन्होंने बताया कि इस वजह से उन्हें कम उम्र में सेट पर एक्सपोज़र जरूर मिला। उन्होंने बताया कि वह स्कूल बंद करके पापा की फिल्मों के सेट पर जाया करती थीं, वह उनकी सारी ऐक्ट्रेसेस को देखा करती थीं, उनके मेकअप, उनकी ड्रेसेस और तभी से उन्हें फिल्म सेट के माहौल से काफी लगाव हो गया था। मालविका ने बताया, 'जब मुझे फिल्म कभी खुशी कभी गम मिली तो मैं काफी एक्साइटेड थी क्योंकि मुझे मेरा अपना मेकअप रूम मिला था। मैं जैसे सातवें आसमान पर थी। 20 साल तक मैं इसी ज़ोन में रही।'

फिल्म 'स्क्वॉड' उन्हें कैसे ऑफर हुई? इसपर मालविका ने कहा, 'मैं अपनी डेब्यू फिल्म को लेकर बेहद एक्साइटेड हूं। 'स्क्वॉड' जल्द ही रिलीज़ होनेवाली है। हमारे डायरेक्टर नीलेश सहाय ने मेरी फोटो ऑनलाइन कहीं देखी थी और हमारी एक कॉमन फैमिली फ्रेंड है, जिसके जरिए उन्होंने मेरे पापा को कॉल किया और बताया कि वह मुझे फिल्म की कहानी सुनाना चाहते हैं। जब उन्होंने फिल्म की कहानी मुझे सुनाई, तो पहली बार में ही मुझे काफी पसंद आई। मैंने इसके लिए ऑडिशन भी दिया और फिल्म मुझे मिल गई।'मालविका ने बताया कि वह करिश्मा कपूर की बड़ी फैन हैं। वह सलमान और गोविन्दा के साथ करिश्मा की फिल्में देखकर ही बड़ी हुई हैं। उनकी स्टाइल और डांस की वह जबरदस्त दीवानी हैं। करिश्मा की फिल्म 'दिल तो पागल है' को देखकर वह उनके लिए पागल हो गई थीं।

मालविका को बॉलिवुड ऐक्टर्स में रणबीर कपूर काफी पसंद हैं। उनकी नैचुरल ऐक्टिंग की वह दीवानी हैं और उनके साथ इसलिए काम करना चाहती हैं ताकि वह देख सकें और समझ सकें कि वह ये सब इतनी खूबसूरती से कैसे कर लेते हैं।

## 2022 की ईदी देने के लिए तैयार हैं जॉन अब्राहम, इस दिन रिलीज होगी 'एक विलेन रिटर्न्स'



कोरोना महामारी के चलते जो सिनेमा घर 2020 में बंद किए गए थे, उन्हें अब खोलने का फैसला ले लिया गया है. महाराष्ट्र सरकार ने 22 अक्टूबर को राज्य में सभी थिएटर्स खोलने की अनुमति दे दी है. इस अनुमति के बाद से लगातार फिल्मों के रिलीज होने की तारीख सामने आ रही है. ऐसे में अब 'एक विलेन रिटर्न्स' फिल्म की भी रिलीज डेट सामने आ चुकी है. अब से कुछ देर पहले फिल्म की एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने इस फिल्म का एक नया पोस्टर शेयर करते हुए बताया है कि ये फिल्म अगले साल 8 जुलाई 2022 को रिलीज होगी. जहां फिल्म की पिछली कड़ी हमें सिद्धार्थ मल्होत्रा और श्रद्धा कपूर दिखाई दिए थे, वहीं अब 'एक विलेन रिटर्न्स' में हमें एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आने वाली है, जिसमें अर्जुन कपूर, दिशा पाटनी, तारा सुतारिया के साथ इस फिल्म में हमें जॉन अब्राहम भी नजर आएंगे. आपको बता दें, इस फिल्म के लिए निर्माताओं ने 2022 की ईद को बुक किया है. जो फिल्म के लिए काफी अच्छा होने वाला है. इस फिल्म को लेकर मेकर्स पिछले कई दिनों से उत्साहित थे. जहां अब फिल्म की रिलीज डेट सामने आने के बाद फिल्म की टीम वापस काम पर लग चुकी है. कुछ दिनों पहले फिल्म की टीम ने ब्लैक जैकेट में जॉन और दिशा की तस्वीरें शेयर की थीं, जो फैंस को खूब पसंद आई थीं. इस फिल्म के निर्माता भूषण कुमार हैं, वहीं इस फिल्म के निर्देशक मोहित सूरी हैं. मोहित ने हाल ही में बताया था कि, मैं एक विलेन रिटर्न्स की शूटिंग को लेकर काफी उत्साहित हूं, महामारी के चलते भले ही इस फिल्म की शूटिंग में काफी देर हुई होगी लेकिन अब हम वापस इस फिल्म की शूटिंग पर लग चुके हैं, जिसे लेकर बेहद खुश हूं. फिल्म को रिलीज करने के लिए अब बॉलीवुड के सभी निर्माता काफी उत्साहित हैं. जहां सलमान खान से लेकर अक्षय कुमार तक सभी बड़े सितारे अपनी फिल्मों को रिलीज करने वाले हैं. जहां कई निर्माता चाहते हैं कि उनकी फिल्मों को थिएटर मालिक सबसे ज्यादा स्क्रीन्स दें। जिस वजह से कई निर्माता लगातार सिंगल स्क्रीन सिनेमा पर भी अपना दबाव बनाने में लगे हुए हैं।

# नाभि छिदवाने की सोच रहे हैं तो इन बातों का रखें खास ध्यान



काफी समय से नाभि छिदवाना यानि बेली बटन पियर्सिंग काफी ट्रेंड में है। अमूमन महिलाएं अपने लुक को अधिक फैशनेबल बनाने के लिए नाभि छिदवाती हैं। हालांकि, समय के साथ-साथ इनका क्रेज थोड़ा कम होता दिख रहा है। वैसे अगर आप नाभि छिदवाने का सोच रहे हैं तो आपके मन में भी इसे लेकर काफी जिज्ञासा होगी कि ऐसा करवाना आपके लिए ठीक है या नहीं। आइए हम आपको इससे जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें बताते हैं।

**सबसे पहले एक्सपर्ट की लें सलाह:** अगर कोई महिला नाभि छिदवाने का मन बना रही है तो उनके लिए जरूरी है कि वह इससे पहले किसी पियर्सिंग एक्सपर्ट से इसे लेकर बातचीत करें। इसके साथ ही किसी अनुभवी व्यक्ति से ही नाभि छिदवाना सुनिश्चित करें ताकि आपको इसके बाद किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। ठीक तरह से रिसर्च करें और किसी अनुभव और लाइसेंस वाले व्यक्ति से ही यह काम करवाएं।

**सफाई पर दें विशेष ध्यान:** भले ही आप नाभि को किसी भी तरफ से छिदवाएं, इसकी सफाई का विशेष ध्यान रखें क्योंकि शरीर का यह अंग बेहद संवेदनशील होता है। इसकी सफाई का ध्यान न रखने पर संक्रमण का सामना करना पड़ सकता है। इस बात का भी ध्यान रखें कि नाभि छेदने वाले व्यक्ति ने हाथों में साफ दस्ताने पहने हो और साफ उपकरणों का ही वो इस्तेमाल करें। वहीं, नाभि छिदवाने के बाद इसे हमेशा साफ हाथों से छूएं।

**ज्वैलरी के मैटीरियल पर दें ध्यान:** नाभि छिदवाने से पहले ज्वैलरी मैटीरियल पर भी ध्यान दें क्योंकि बाद में ऐसा न हो कि इससे आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचे। बेहतर होगा कि आप निकेल, स्टर्लिंग और सिल्वर आदि से बनी ज्वैलरी का इस्तेमाल करने से बचें क्योंकि उनमें जंग लगने की संभावना अधिक होती है और इसलिए वह आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसके बजाय आप नॉन-टॉक्सिक और एंटी-एलर्जेनिक मैटीरियल वाली ज्वैलरी ही नाभि छिदवाने के बाद पहनें।

**ज्वैलरी को भी करें सैनिटाइज:** ज्यादातर महिलाएं नाभि छिदवाने के बाद इस बात का ध्यान नहीं रखती हैं, लेकिन यह बहुत ही जरूरी स्टेप है। भले ही आप प्रोफेशनल पियर्सर से छिदवाई नाभि में ज्वैलरी को बदलवा रही हों या फिर इसे खुद घर पर ही कर रही हों।

## आयशा जुल्का ने करियर के पीक पर इसलिए छोड़ी थीं फिल्में, आज भी है इस एक बात की टीस

90 के दशक में कई ऐसी हिरोइनें रहीं, जिन्होंने हिंदी सिनेमा के साथ-साथ लोगों के दिलों पर राज किया। इन्हीं में से एक रहीं ऐक्ट्रेस आयशा जुल्का। आयशा जुल्का उस दौर की टॉप ऐक्ट्रेसेस में शुमार रहीं। लेकिन उस वक्त फैन्स को जोर का झटका लगा जब आयशा जुल्का ने अपने करियर की पीक पर फिल्म इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया। आयशा जुल्का ने साल 1991 में फिल्म 'कुर्बान' से बॉलिवुड में कदम रखे थे। पहली ही फिल्म में सलमान खान के साथ आयशा जुल्का का करिश्मा देख सब हैरान थे। इसके बाद आयशा के स्टारडम दिनोंदिन बढ़ता चला गया। उनके पास फिल्म ऑफर्स की लाइन लग गई। 90 के दशक में आयशा जुल्का एक साल में 4-5 फिल्में कर रही थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने अचानक ही कम फिल्में करना शुरू कर दिया। साल 2001 से 2010 के बीच आयशा जुल्का ने हर साल सिर्फ एक ही फिल्म की और फिर गायब हो गईं। आयशा जुल्का ने हाल ही बताया कि आखिर फिल्में छोड़कर वह कहां गायब हो गई थीं?आयशा जुल्का ने कहा, 'मैं बहुत सारी चीजों में बिजी थी। जानवरों के वेलफेयर के लिए मैंने अपना फाउंडेशन शुरू किया। मैंने आवारा जानवरों के लिए काम किया। इसके साथ ही अपने पति का बिजनस जॉइन कर लिया। मैंने बहुत ट्रैवल किया जोकि एक ऐक्टर के तौर पर नहीं कर पाती।

# बेतहाशा मंहगाई व्रद्धि को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री का किया पुतला दहन

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे
9826576206

**महंगाई ने बुझाये घरो के चूल्हे,पेट्रोल डीजल के बढ़ते दामों के कारण आमजन का जीना हुआ मुश्किल-मानसिंह कुशवाहा**

**भिण्ड**। जन उपयोगी चीजों में बेतहाशा मूल्यवृद्धि के कारण आम जन का जीना बेहाल हो गया है। मध्यम वर्गीय परिवारो में चूल्हा तक नहीं चल पा रहा है।वही देश में बेरोजगारी चरम सीमा पर पहुंच गई है उसी को लेकर कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के आवाहन पर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा भाजपा की जन विरोधी सरकार के खिलाफ 07अक्टूबर को शाम 5ः00 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर सरकार खिलाफ नारेबाजी की गई। यह पुतला दहन पेट्रोल,डीजल एवं गैस में बढ़ते दामों को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए जलाया गया। बता दें कि खाद्य पदार्थों में बेतहाशा महंगाई के कारण मजदूर वर्ग के घर में दो वक्त का चूल्हा तक नहीं जल पा रहा है। महंगाई के कारण पूरे देश में त्राहि-त्राहि मची हुई है।वही वेट टैक्स के कारण व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में यह पुतला दहन किया गया।बतादे की यह पुतला दहन भाजपा सरकार द्वारा वेट टेक्स लगाकर छोटे एवं मध्यम वर्गीय व्यापारियों को सताया जा रहा है।वही गैस, तेल पेट्रोल, डीजल के खाद सामग्री में बढ़ते दामों से कई लोगों का जीना बेहाल हो गया है।इतना ही नहीं देश के युवाओ में बेरोजगारी के कारण आक्रोश व्याप्त हो गया है। देश के पढ़े लिखे युवाओं को दर-दर की ठोकरे खाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। लिहाजा युवा विरोधी भाजपा सरकार के खिलाफ यह पुतला दहन किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में कांग्रेस के सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के विरोध में महंगाई को लेकर लिखी हुई तख्तियां के साथ नारेबाजी कर अपना आक्रोश जताकर पुतला दहन किया। मनोज देपुरिया वरिष्ठ नेता राम हर्ष सिंह कुशवाह रॉकी तोमर राहुल कुशवाहा अरविंद सोनी,विजय दैपुरिया, , ,हरनारायण शर्मा, रीना चौहान उमा कुशवाहा रेखा भदौरिया ममता मिश्रा आशुतोष शर्मा रतन चंद जैन सोहन तिवारी, रामप्रकाश यादव,वरिष्ठ नेता वीरेंद्र यादव, विवेक पचौरी, दर्शन सिंह तोमर ,बृजेंद्र सिंह कल्लू, , कार्यवाहक अध्यक्ष इरशाद अहमद आईटी सेल अध्यक्ष शिशुपाल सिंह भदौरिया, शिवम सैथीया रईस खान सत्यपाल अग रिया योगेश शाक्य राजवीर खन्ना अंकित तोमर अशोक गुप्ता,रेखा भदौरिया ममता मिश्रा, , चंद्रपाल सिंह परिहार सुमित बघेल के अलावा कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।



## वन-टू-वन

### गौरी सरोवर में कूदी युवती को महिला ने सुरक्षित निकाला।



अरुण शुक्ला
क्राइम ब्यूरो चंबल डिविजन

**भिण्ड।** जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती इलाके में रहने वाली एक 16 वर्षीय युवती ने अल सुबह गौरी सरोवर में छलांग लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। मॉर्निंग वॉक पर निकली महिला ने कूंदते देख अपनी साड़ी की मदद से सुरक्षित निकल लिया। मौके पर एकत्रित हुए स्थानीय लोगों ने जिला चिकित्सालय भिजवाया और घर के लोगों को सूचना दी। डॉक्टरों ने उसे खतरे से बाहर बताया है।

### बेटियों को हमें अच्छी शिक्षा देना चाहिएः डॉ वन्दना भूपेन्द्र प्रेमी



**ग्वालियर,**बेटी है तो कल है सामाजिक संस्था द्वारा कई वर्षों से मुबारक हो बेटी हुई है अभियान चला रही है इसी क्रम में नवदुर्गा महोत्सव के पहले दिन आज नाका चन्वदनी पर रहने वाली श्रीमती आरती प्रजापति पत्नी हरिश्चंद्र प्रजापति के घर उनकी बिटिया कु रिंकी प्रजापति ने जन्म लिया था इस खुशी के अवसर पर संस्था अध्यक्ष ड़ॉ वन्दना भूपेन्द्र प्रेमी ने अपनी टीम के साथ पहुँचक बिटिया के पैर पूजकर माता को सम्मानित किया इस अवसर पर डॉ वन्दना ने कहा कि इस परिवार में पहले से एक बेटी थी और दूसरी भी बिटिया ने जन्मलिया है और पूरा परिवार खुश है हमे आज के दौर में बेटा ओर बेटी में कोई अंतर नही समझना चाहिये हमे चाहिए कि हम बेटियों को अच्छी शिक्षा दे। ततपश्चात सभी ने बिटिया के पैर पूजकर माता को सम्मानित किया ओर सभी मैम्बर ने बधाई देते हुए कहा कि मुबारक हो बेटी हुई है। इस अवसर पर प्रिया प्रजापति,राजकुमारी प्रजापति, दिनेश प्रजापति सहित मेम्बर उपस्थित थे। वही इस अभियान के अंतर्गत कल आवाडपुरा में रहने वाली रुखसार मुजीब खान के यहां टीम के साथ बधाई देने जाएंगे।

### कोई कहे गोविंद कोई कहे गोपाला में तो कहूँ सांबरिया बाँसुरिया बालाः डॉ सन्तोष दास जी महाराज



**श्रीमद्भागवत की निकली भव्य कलश यात्रा**
**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक**
**पुष्पांजली टुडे**

लहार नगर में ब्लॉक कॉलोनी में आज से श्री मद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हो गया ,भागवत ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन कलश यात्रा जल भरकर नगर में सभी मंदिरों पर परिक्रमा करते हुए शोभा यात्रा बड़े ही धूम धाम से निकाली गई एवम श्री मदभागवत महापुराण की पूजा अर्चना की गई इसके उपरांत भागवत आचार्य पूज्य गुरु जी डॉ सन्तोष दास जी महाराज ने भागवत को वेद और उपनिषद का सार बताया उन्होने बताया गँगा स्नान,तीर्थ बास ,गौ सेवा ,तुलसी पूजा से जो फल मिलता है वह भागवत श्रवण मात्र से प्राप्त होता है ,आगे श्री गुरु जी ने कहा की ज्ञान वैराग्य तथा भक्ति जाग्रत होती है ,तथा धुँधकारी जैसा पतित प्राणी भी पुनीत हो जाता है ,दिव्य भागवत कथा व्याख्यान पूज्य महाराज डॉक्टर सन्तोष दास जी महाराज ने ब्लॉक कॉलोनी में ब्यास पीठ से कहे जिसमे कथा पारीक्षत श्री मति कमलेश सुरजीत सिंह तोमर ने समस्त नगर बासियों से अपील की है कि भागवत ज्ञान यज्ञ में शामिल होकर कथा अमृत पान कर अपने जीवन को सफल बनायें ।

### ज्योति भावना महिला स्वास्थ्य कल्याण समिति द्वारा करवाई बालिकाओं को तीर्थ यात्रा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** ज्योति भावना महिला स्वास्थ्य कल्याण समिति द्वारा संचालित वात्सल्य आश्रय गृह की संचालिका ज्योति सिंह चौहान द्वारा मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री माननीय भारत सिंह कुशवाहा के सहयोग से 2 बालिकाओ को राजस्थान मैं सांवरिया सेठ एकलिंग महाराज नाथद्वारा मेवाड़ शनि देव महाराणा प्रताप म्यूजियम हल्दीघाटी खाटू श्याम सालासर बालाजी पुष्कर जी सावित्री देवी दर्शन मेहंदीपुर बालाजी रेवती रमणरेती दाऊजी वृंदावन बांके बिहारी जी निधिवन यमुना दर्शन कराए बालिकाएं भ्रमण कर के ग्रुप के साथ घूम कर बहुत खुश हुई और उन्होंने अपने भ्रमण के बारे में आकर चर्चा की तो बाकी बालिकाओं को भी उत्सुकता हुई कि हमें भी भ्रमण कराया जाए ग्रह की संचालिका ज्योति सिंह चौहान ने बालिकाओं को भी भ्रमण कराने के लिए कहा कि आपको भीकराया जाएगा कहीं।



# नवदुर्गा महोत्सव भारतीय संस्कृति का पर्व है जिससे मातारानी सभी मनोकामना को पूर्ण करती हैंः कु.माधुरी सावले

पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे
9826576206

**(भाजपा युवा नेत्री माधुरी सावले ने नवदुर्गा महोत्सव पर प्रदेश की सभी मातृशक्ति को दी बधाई)**

**बैतूल ।** भारतीय जनता पार्टी की युवा नेत्री कुमारी माधुरी सावले ने नवरात्रि महा दुर्गा उत्सव में कहा कि यह तो पर्व शांति सद्भावना दूसरे के प्रति भाईचारे एवं भारतीय संस्कृति का के रूप में बनाया जाता है सभी देवी भक्तों अपने-अपने मठ मंदिरों एवं घरों में 9 दिन तक देवी जी की स्थापना कर जवारे एवं अनेक प्रकार के कार्यक्रम देवी भक्त देवी जागरण आयोजित किए जाते हैं 7

भाजपा नेत्री कुमारी माधुरी सावले ने कहा कि हमारी मातृ शक्ति 9 दिन तक नवरात्रि में व्रत रख माता रानी से अपनी मनोकामना को पूर्ण करने के लिए आशीर्वाद मांगते हैं 7 आज हमारी भारतीय संस्कृति धार्मिक कार्यक्रमों से पीछे की ओर जा रही है लेकिन हमें जागृत होकर अपने हिंदुत्व के त्योहारों को बनाकर अपनी राष्ट्र की धरोहर को मजबूत करने के लिए कार्य करना चाहिए जिसमें नवदुर्गा महोत्सव रामनवमी दशहरा दीपावली होली मकर संक्रांति महाशिवरात्रि गणेश उत्सव ऐसे अनेक धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से हम अपने समाज में जागरूक बनकर लोगों के प्रति जागरूक करें तभी हम अपने संस्कृति की ओर आगे बढ़ सकेंगे उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा के भगवान कृष्ण की 16 अवतारों की सूर्यवंशी एवं भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के 12 अवतारों की चंद्रवंशी कथाओं का उदाहरण देते हुए कहा किस श्रीमद् भागवत कथा श्रीमत राम कथा यह हमारे जीवन की महत्वपूर्ण कड़ी है भगवान राम भगवान कृष्ण यह हमारे आदर्श हैं और रामचरितमानस भवसागर है व्यास गद्दी पर जो प्रवक्ता हमें अपने श्री मुखारविंद से कथा का स्मरण कराते हैं उसका रसिया आनंद हम अपने हृदय में अमृत के साथ प्रकट करें जिससे सभी मनोकामनाएं देवी देवता पूर्ण करते हैं उन्होंने कहा जब पृथ्वी पर राक्षसों का अत्याचार हो रहा था तब देवी देवता सभी भगवान विष्णु के शिवसागर पर पहुंचे जहां उन्होंने जगाने का काम किया कि कहा कि यह अवतार लो दयानिधि हो रहे हैं भारी अत्याचार देवताओं किस प्रकार को भगवान विष्णु ने सुन कर कहा की हे देवी देवताओं आप सभी लोग गाय के शरीर में प्रकट हो जाओ और मैं राजा दशरथ अयोध्या नरेश के यहां जन्म लूंगा सभी देवताओं ने गाय के शुरू में अपने शरीर को प्रकट किया इसीलिए जो गाय हैं उसके हृदय में 36 करोड़ करोड़ देवताओं का स्वरूप है।



# सांसद श्रीमती संध्या राय भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य मनोनीत



पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ
दैनिक पुष्पांजली टुडे
9826576206

**(भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रति जताया आभार)**

**भिण्ड।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा के बाद राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्यों की भी घोषणा की है जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिंड दतिया लोकसभा सांसद श्रीमती संध्या राय को भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य पद पर मनोनीत किया है जिसके लिए उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद धन्यवाद ज्ञापित किया भाजपा मीडिया सेंटर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में नव मनोनीत पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य सांसद श्रीमती राय ने कहा इस संगठन ने मुझ पर विश्वास किया है और राष्ट्रीय कार्यसमिति में स्थान देकर मुझे नहीं मेरी भिंड दतिया लोकसभा संसदीय क्षेत्र की जनता को गौरवान्वित किया है, मैं अपने दायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वाह करूंगी श्रीमती राय को बधाई देने वालों में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य प्रदेश के उपाध्यक्ष पूर्व विधायक चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी मध्य प्रदेश सरकार में सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविंद सिंह भदौरिया नगरीय प्रशासन आवास राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया पार्टी के जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर पूर्व जिला अध्यक्षों में केशव सिंह भदौरिया अवधेश सिंह कुशवाह एडवोकेट पूर्व विधायक शिव शंकर समाधिया नरेंद्र सिंह कुशवाह रसाल सिंह मथुरा प्रसाद महान मुन्ना सिंह भदौरिया श्रीराम जाटव राकेश शुक्ला रणवीर सिंह जाटव वीरेंद्र सिंह राणा संजीव कांकर रमेश दुबे रोमेश महंत अमरीश शर्मा गुड्डू अशोक चौधरी देवेंद्र सिंह नरवरिया प्रमुख हैं ।



### श्री कृष्णा गौसेवा आश्रम परिसर में एक शाम गौ माता के नाम का भजन संध्या का आयोजन हुआ

**पुष्पाजंली टुडे/ नारायणलाल सैणचा**

**बेंगलूरः-** श्री मातेश्वरी भक्त मंडल ट्रस्ट (कर्नाटक)की ओर से गौसेवा आश्रम होसूर बण्डें गौशाला परिसर में अमावस्या को भजन संध्या का आयोजन हुआ । गौभक्त स्वामी पुखराज महाराज ने माताजी के समक्ष ज्योत प्रज्वलित कर विधिवत पूजा अर्चना की गई। गणेश वंदना के साथ धर्मसभा का शुभारंभ हुआ जिसमें भजनकार रमेश माली भजन गायक लेहरूदास वैष्णव व गायक कैलाश पंवार कलाकर की ओर से राजस्थानी लोक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओ को भावविभोर कर देर रात तक जम कर नचाया ।लोगों ने बडी संख्या गो सहायतार्थ राशि दी। इस अवसर पर गोशाला परिसर में श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया व गौमाता को भोजन खिलाया।

# पुलिस गिरफ्तारी के विरोध में संपूर्ण मध्यप्रदेश के अधिवक्ताओं के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया



**पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर ।** माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर अधिवक्ताओं के द्वारा कार्य से विरत रहकर जबलपुर में अधिवक्ता साथियों के साथ की गई अभद्रता एवं पुलिस गिरफ्तारी के विरोध में संपूर्ण मध्यप्रदेश के अधिवक्ताओं के द्वारा विरोध प्रदर्शन किए गए उसी तारतम्य उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर में सभी अधिवक्ताओं के द्वारा कार्य से विरत रहकर शांति पूर्ण विरोध प्रकट किया गया जिसमें स्टेट बार सदस्य जयप्रकाश मिश्रा पूर्व कार्यकारी सदस्य आर.के जोशी कार्यकारिणी सदस्य एमएस दुबे अधिवक्ता सुमित श्रीवास्तव धर्मेंद्र कुशवाहा सुरेश गुर्जर कमलेश गोरी एवं अन्य हजारों की संख्या में अधिवक्ताओं के द्वारा कार से व्रत रहकर अपना शांति पूर्वक प्रदर्शन किया गया और शासन को आगाह किया कि भविष्य में ऐसी घटना की गई तो उसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं जबलपुर उच्च न्यायालय मैं अधिवक्ताओं के साथ प्रवेश द्वार को खोले जाने के विषय पर पुलिस के द्वारा गिरफ्तारी किए जाने से वकीलों में आक्रोश है और जिसके लिए आज अधिवक्ताओं के द्वारा कार्य से विरत रहकर अपना विरोध प्रकट किया गया है भविष्य में यदि हमारे अधिवक्ता भाइयों के साथ इस तरह का व्यवहार किया जाता है तो निश्चित ही हम सब अधिवक्ता गढ़ के द्वारा भविष्य में प्रशासन के विरुद्ध उचित कदम उठाने होंगे



**अधिवक्ता आरके जोशी**
**( पूर्व कार्यकारिणी सदस्य )**
**उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर**

# कोरोना काल में शहरी क्षेत्र से पालयन करके घर वापस लौटने वाले लोगों को अपने खेतीबाड़ी, जमीन, जायदाद की याद आई है

**अरुण शुक्ला क्राइम ब्यूरो चंबल डिवीजन**


**भिण्ड ।** अपने हिस्से की जमीन पर हक जाता रहे है। जमीन विवाद को लेकर आए दिन मारपीट की घटनाएं अलग-अलग थानों में दर्ज हो रही है। पिछले तीन महीने में करीब 70 प्रकरण दर्ज हो चुके है। वहीं एक सप्ताह के अंदर ही जमीन विवाद को लेकर भिंड शहर में दो पुत्रों ने पिता का कत्ल कर दिया। वहीं, बरोही थाना क्षेत्र में एक भाई ने दूसरे भाई को मौत के घाट उतार दिया। जिले में जमीन के विवाद को लेकर खून के रिश्तों की हत्या आए दिन हो रही है। राजस्व विभाग में जमीन संबंधी 20 हजार से ज्यादा प्रकरण पेडिंग है जोकि समय पर नहीं सुलझ पा रहे है। इस वजह से खून के रिश्तों का कत्ल होने लगा है। कोरोना का प्रकोप शुरू होने के बाद भिंड जिले में करीब ढाई लाख लोगों की घर वापसी हुई थी। मार्च 2020 में जब प्रथम लॉकडाउन लगा था। तब लोग, महानगरों से पलायन करके वापस अपने गांव लौटे थे। इसके बाद कोविड का प्रथम से लेकर द्वितीय चरण बीत चुका है। इस दौरान लोगों का काम धंधा चौपट रहा है। ऐसी अवस्था में लोगों को अपने हिस्से की जमीन की सुध आई है। इस वजह से परिवारों में जमीन बंटवारे के ज्यादा मामले सामने आ रहे है। इधर बीते दो साल से कोविड के कहर की वजह से राजस्व विभाग के अफसरों में तहसीलदार से लेकर अन्य वरिष्ठ अफसर कोविड कंट्रोल को प्रशासनिक कार्य में व्यस्त है। ऐसे में जमीनी विवाद समय सीमा में सुलझ नहीं पा रहे है। इधर, लोगों को अपना हिस्सा न मिलता दिख, वे धैर्य को खो रहे है। इस वजह से गाली गलौज, मारपीट व हत्या के प्रकरण बढ़ रहे हैं।



### धडल्ले से हो रहा है घटिया टंकी निर्माण, प्रशासन बेखबर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

घाटीगांव तहसील की ग्राम पंचायत चराई श्यामपुर में पानी की टंकी में घटिया निर्माण धडल्ले से हो रहा है, जिसमें सीमेंट घटिया किष्म की लगाई जा रही है, रेत में पत्थर कंकंड मिली हुई लगाई जा रही है गिट्टी की गुटवत्ता बेकार बताई जा रही है वहीं ग्रामीणों से बात करने पर उन्होने बताया कि यहां न तो अधिकारियों की विजिट होती है, ठेकेदार रामप्रकाष शर्मा की मनमर्जी से काम चल रहा है, अब लगभग काम पूर्ण होने की ओर है लेकिन यहां कोई अधिकारी विजिट करने नहीं आया। वहीं पंचायत के सरपंच लता जगत सिंह एवं सचिव दिनेष धाकड से पूछने पर उन्होनें बताया कि ये करीब 65 लाख की लागत से बनाई जा रही है लेकिन हमको ज्यादा जानकारी नहीं है ज्यादा जानकारी के लिये आप अधिकारियों से बात कर सकते है वहीं हमारे संवाददाता रहीष खांन ने इंजीनियर ए ई अनमोल सिंह को दूरभाष पर दो बार कॉल किया गया लेकिन उन्होने कॉल नहीं उठाया। वहीं जनपद सी ई ओ बी एस हंस ने यह कहकर पल्ला झाड दिया यह टंकी पीएचई विभाग के द्वारा स्वीकृत है हमको जानकारी नहीं है, अब सबसे बडा सवाल उठता है कि इस घटिया निर्माण को कोई रोकेगा भी या ऐसे ही ठेकेदारों की मनमानी चलती रहेगी। यह बहुत बडा सवाल है कि कब कोई अधिकारी जांच करके सही निर्माण होगा।



# खारू चाखेसांग नागा का एक पारंपरिक ग्राम द्वार की ऑनलाइन प्रदर्शनी

**भोपाल।** इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा अपनी ऑनलाइन प्रदर्शनी श्रृंखला के उनहत्तरवे सोपान के तहत आज जनजातीय आवास मुक्ताकाश प्रदर्शनी से ÷खारू÷ चाखेसांग नागा का एक पारंपरिक ग्राम द्वार की जानकारी को ऑनलाईन प्रदर्शनी श्रृंख?ला के तहत प्रदर्शित किया गया है। इससे सम्बंधित विस्तृत जानकारी तथा छायाचित्रों एवं वीडियों को ऑनलाईन प्रस्तुत किया गया है। इस संदर्भ में संग्रहालय के निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार मिश्र ने बताया कि नागालैंड ऊँचे-नीचे, पहाड़ी इलाकों में बसा एक खूबसूरत राज्य है। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में अलग-अलग भाषाएं बोलने वाले, अलग-अलग परंपरा और संस्कृति वाले, अलग-अलग पारंपरिक पोषाक पहनने वाले जनजातीय समुदाय निवास करते हैं जो अपने आप को नागा कहते हैं। नागालैंड भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के आठ राज्यों में से एक है, जिसमें 16 जनजातियाँ निवास करती हैं। चाखेसांग नागा उनमें से एक है। चाखेसांग अंतर्विवाही समूह नहीं है। उप जनजातीय स्तर पर अंतर्विवाह के नियम का पालन किया जाता है। नागा जनजातीय के तीन खंड चखरा, खेझा और संगताम अपने-अपने क्षेत्रों में रहते हैं, अपनी बोलियाँ बोलते हैं और विभिन्न प्रकार से अंतर्विवाह एवं अन्य संस्थागत सिद्धांतों का पालन करते हैं। नागा लकड़ी की नक्काशी धार्मिक मान्यताओं और प्रथाओं से जुड़ी है। लकड़ी पर नक्काशी का कार्य उनके इतिहास जितना पुराना है तथा इसे दो मुख्य संस्थाओं सिर के शिकार और मोरुंग से जोड़ा जा सकता है। यहाँ बनाए गए लकड़ी के दरवाजे पर मानव के कपालों की नक्काशी, मिथुन (बॉस फ्रंटालिस), सूर्य और अर्धचंद्र के प्रतीक, लड़ते हुये मिथुन और स्त्री स्तनों को चित्रित किया गया है। हालांकि सिर के आखेटन की प्रथा अब मौजूद नहीं है, लेकिन यह अतीत में उनके जीवन में एक मौलिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व रखता



था। एक योद्धा के घर के खंभों, शहतीर और गांव के द्वार तथा मोरुंग में मानव सर की उकेरी गई आकृतियाँ सम्पूर्ण नागा समूह के लिए प्रेरणा श्रोत है। अतीत में मोरुंग का महत्व सभी सामाजिक गतिविधियों के केंद्र तथा गांव के लिए गार्ड हाउस के रूप में भी रहा है। सिर के आखेट के पश्चात इसे सबसे पहले मोरुंग में लाया जाता था। गांव के युवक यहां सोते हैं और साल भर पहरा देते हैं। डॉ. पी. शंकर राव, सहायक कीपर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रेरणा का दूसरा स्त्रोत प्रतिष्ठा और जादू के प्रयोजनों के लिए मोरुंग को सजाने का है। लकड़ी के दरवाजे पर उच्च कुशलता से नक्काशी का कार्य किया गया है। गाँव की सुरक्षा के दृष्टिकोण से द्वार का निर्माण सामरिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान पर किया जाता है। नक्काशी के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरणों में दाओ, कुल्हाड़ी, छेनी और लकड़ी के हथौड़े आदि प्रमुख हैं। नागाओं के लिए सिर का शिकार न केवल समाज में सम्मान और प्रस्थिति के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहा है, बल्कि जीवन की सर्वोच्च आकांक्षा की पूर्ति भी है। इस दुनिया में यह वीरता, शौर्य और बलशीलता का प्रतीक है। यह दुल्हन के लिए गाँव के सबसे अच्छे युवक का चुनाव कर सकता है।

## महंगा पड़ेगा फलाहारः नवरात्र में फलों के दाम भी छूने लगे आसमान, सेब हुआ और लाल

**भोपाल।** हर साल की तरह इस साल भी फलाहार पर रहना महंगा पड़ेगा। नवरात्र शुरू होने के साथ ही फलों के भाव में उछाल आ गया है। सेब के भाव तो पहले से ही बढ़े थे अब यह और लाल हो गया है तो केला भी 50 रुपये से 70 रुपये प्रति दर्जन बिकने लगा है। खास बात यह भी है कि अब फलों के भाव में कमी के लिए काफी इंतजार करना होगा। क्योंकि



दीपावली, छठ पूजा के बाद ही इस भाव में कमी आने की उम्मीद है। हर साल की तरह इस साल भी फलों के भाव नवरात्र के दिनों में आमान छूने लगे है। सेब की बात करें तो एक सप्ताह पहले थोक मंडी में 40-50 रुपये प्रतिकिलो बिकने वाला अब 60-100 रुपये प्रतिकिलो तक पहुंच गया है। खुदरा मार्केट की बात करें तो 80 रुपये से 150 रुपये प्रतिकिलो बिक रहा है। यहीं स्थित मौसमी की है। मौसमी 60 रुपये प्रतिकिलो थोक मंडी में आ रहा है। इसी तरह नाग भी अपना तेवर कड़ा कर लिया है। नाग नाम से बिकने वाला फल इनदिनों मंडी में 1500 रुपया पेटी बिक रहा है। जबकि एक सप्ताह पहले इसका भाव 1000 रुपये था। प्रतिकिलो की बात करें तो नाग फुटकर बाजार में 30-50 रुपये और बाबूगोशा 70 रुपये प्रतिकिलो तक बिक रहा है। इसी तरह पपीता भी 50-60 रुपये प्रतिकिलो मिल रहा है। अनार, मौसमी और सेब आदि के भाव में नवरात्र आने से पहले ही काफी इजाफा हो गया। महाराष्ट्र के नासिक में अधिक बारिश होने के कारण वहां अनार और मौसमी की आवक में कमी आई है। इसके अलावा हरा नारियल, कीवी के भाव में भी इजाफा हो गया है। सेब क्यों हुआ महंगाः मौसम की वजह से सेब तो लाल हुआ ही साथ ही जम्मू-कश्मीर में इनदिनों लोग उलटाई में लगे हैं यानी फल तोडने् में लगे हैं। इस वजह से भराई नहीं हो रही है। साथ ही जम्मू में यह नियम है कि एक गाड़ी प्रवेश करेगी तो ही फलों से लदी दूसरी गाड़ी को छोड़ा जाएगा। ऐसे में आवक कम रह रही है। दूसरी तरफ हिमाचल का फल इनदिनों सिर्फ स्टोरेज में है और भाव बढने् के साथ उसे मार्केट में भेजा जाता है। भाव कम होने में लगेगा वक्तः फ्रुट एंड वेजिटेबल वकर्स एसोसिएशन आजादपुर के अध्यक्ष मुकेश कुमार का कहना है कि नवरात्र में फलों की मांग बढ़ जाती है।

## वन-टू-वन

### मेरा गाँव



विषमताओं,असमानताओं को गति देता ,
वक्राकार पथ पर
आरोहित - अवरोहित कर
पादांगुलियों को पंकराशियों से
सराबोर कर लांघता
क़स्बे से दूर......
निर्जन पहाड़ियों के दायरे से लगा, सिमटा, उपेक्षित सा मग़र .....
विविध विशेषताएं
अपने अंतर में समेटे बसा मेरा गाँव..........
जहाँ पड़ते नहीं हैं अक्‌सर
शहरों की चकाचौंध में परवान चढ़ते
हवेली वालों के पाँव.....
बस यदा - कदा ही होती है परिलक्षित
देवपुरुषों की तरह उनकी परछाइयाँ
वातायन को अपने शोर से नहलाती
चमचमाती गाड़ियाँ...
जिनके इर्द- गिर्द घेरा डाले खड़ा है
मेरा बचपन...... !
हो उठता है साकार
अधनंगे, मैले - कुचैले वस्त्रों में लिपटा
बाल मित्रों के साथ बिता हुआ
मेरा एक -एक क्षण.......
कभी बेरियाँ तोड़कर भागता
कभी अमिया झूरकर छुपता
इन्हीं पत्थरों की कंदराओं में से
आर-पार निकलता
छुपता - छुपाता, धुआँ उगलता
हाथों पर उँगलियाँ मलता
जीवन की यथार्थता से अनभिज्ञ,
मीलों दूर..........
नितांत... निश्चिंत सा........ !!
जलती धूप में खेलते - इठलाते
थककर लेते बरगद की छाँव...
अल्हड़ता की दहलीज़ पर
पहाड़ी के एक शीर्ष पर बैठा
देख रहा हूँ मेरा गाँव.......
जहाँ से दिखाई पड़ता है
प्रकृति का अनूठा - अप्रतिम सौंदर्य
हरीतिमा से आच्छादित
लहलहाते हुए खेतों का माधुर्य.
देखता हूँ.......
नित आँखें मलते हुए रवि का
जागना - सोना, डूबना - उतरना.
कभी चारों ओर धरा को जलमग्न देखकर
प्रतीत होता है नियति का रौद्र रूप
जिससे भयाक्रांत भानू भी
छुपकर ओढ़ लेता है....
कोहरे की एक विशाल चादर.
कभी घिर आती है घोर कालिमा
जहाँ से दिखाई नहीं देता
अँधेरे में डूबा.... झोपड़ीनुमा
मेरा घर........
तब निस्तब्धता के साम्राज्य में
हो जाती है विलीन
%सरस% पपीहे की कूक तथा
कर्कश कौएं की काँव -काँव
और मैं.......
यथार्थ की थाह लिए
पहाड़ी के शीर्ष से उतरकर
बोझिल कदमों से लौट पड़ता
मेरे /अपने निवास
मेरे / अपने गाँव !!

रचनाकार - एम. महेन्द्र %सरस %
प्रयोग शाला शिक्षक शासकीय हाईस्कूल सावरीखुर्द लाँजी, बालाघाट (म. प्र )

# नवरात्रा के अवसर पर सृजन युवा संगठन ने किया विद्यालय में वृक्षारोपण

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ**
**पुष्पांजली टुडे**

**बालाघाट ।** सृजन युवा संगठन लांजी किरनापुर के द्वारा क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक भानेगांव एवं गुरुकुल पब्लिक स्कूल भानेगांव में नवरात्रि के पावन अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान पेड़ पौधों लगाने के लिए जन जागृति हेतु रैली निकाली गई तथा विभिन्न प्रजाति के पेड़ पौधे लगाए गए। उन्हें सुरक्षित रखने हेतु शाला परिवार को जिम्मेदारी दी गई। जिसके फलस्वरूप शाला परिवार ने पेड़ पौधें को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। इस पुनीत कार्य में मुख्य रूप से शा.उच्च.माध्य.विद्या. भानेगांव, प्रभारी प्राचार्य चंद्रभूषण चौहान, गुरुकुल पब्लिक स्कूल भानेगांव का संचालक बंटी बल्ले , समस्त स्टाफ का सहयोग प्राप्त हुआ। सृजन युवा संगठन के सदस्यों ने अपना योगदान प्रदान कर युवा पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा और जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।



वृक्षारोपण कार्यक्रम में सृजन युवा संगठन के संरक्षक अतुल अर्जुनवार, भुवन बापूरे, अध्यक्ष रवि नारनौरे, उपाध्यक्ष दीपेश वासनिक, सचिव एम. आर. मलगाम सर जी ,सहायक सचिव मनोज रामटेके, दिनेश बुढ़ावने, पराग उके, कृष्णा नारनौरे, प्रदीप कस्बे , जीतू कबीरे ,राहुल आवरे ,तेजराम नारनौरे, लकी धनोले, अनिल रणदिवे ,निकेश बुढ़ावने, सोनू भारद्वाज, अजय बुढ़ावने, आकाश खेरे,रितेश ,भुपेन्द्र, शैलेश, चन्द्रप्रकाश , दुर्गेश,

शाला स्टॉप से चंद्रभूषण चौहान, टेभरे सर जी,जुझारे, महेश ढोक, लेखेश्वर चंदनवार, दिलेंद्रसिंह चौधारी,रुपचन्द जुमारे, प्रज्ञा शेंडे, सरोज पटल, व छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

# ड्यूटी के दौरान जम्मू कश्मीर में फौजी की मौत, गांव में छाया मातम



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

अम्बाह। चम्बल अंचल की माटी वीर सपूतों जन्म देती है और वही वीर सपूत अपनी मातृभूमि के लिए अपने जीवन की आहुति दे देते है ऐसा ही दिल को झकझोर देने वाली दुखद खबर अम्बाह थाना क्षेत्र के गोले की गढ़ी से आई है जानकारी के मुताबिक जम्मू कश्मीर में पदस्थ हवलदार सुखवीर सिंह तोमर वीरगति को प्राप्त हो गए। सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान ऑक्सीजन की कमी की वजह से अचानक तबियत बिगड़ गई जहां से उन्हें हेलीकॉप्टर की मदद से इलाज के लिए श्रीनगर लाया गया वहां डॉक्टर ने कुछ समय वेंटिलेटर स्पोर्ट पर रखा किन्तु उन्हें बचा न सकें। मृतक जवान की उम्र 40 के लगभग व आर्मी में उन्होंने 18 वर्ष तक सेवा दी है। जवान के परिवार में पत्नी 3 बच्ची एवं एक बच्चा है। आपको बता दे कि हवलदार सुखवीर सिंह सरपंच दलवीर सिंह के भाई थे। शहीद सैनिक की शहादत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है आपको बता दे कि घर वालो को बीती रात को उनकी शहादत की खबर लगी तभी से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है बताया जा रहा है कि सैनिक का शव को देर रात तक उनके पैतृक गांव लाया जाएगा जहाँ आज उनके शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# सीरवी समाज की होनहार प्रतिभा का राजस्थान के पाली जिले की देसूरी तहसील के गिराली गांव में हुआ बहुमान

**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली –** देसूरी /हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में सीरवी समाज की तीन प्रतिभाओ का आई .ए.एस. में चयन हुआ। जिसमे डॉ. प्रकाश सीरवी का गांव गिराली के 36 कौम सहित सीरवी समाज व सीरवी समाज की विभिन्न संस्थाओं द्वारा भव्य सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. प्रकाश के ससुर लच्छाराम व सुरेश सीरवी द्वारा किया गया। जिसमें 36कौम सहित समाज के विभिन्न गांवों के पंच गण सुजा राम, खिमाराम जगाराम, चुन्नीलाल , भिकाराम, पुनाराम, हिम्तमल सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। डॉ. प्रकाश ने अपने भाषण में समाज सहित 36 कौम की शिक्षित युवा पीढ़ी को आई. ए. एस .

व आर.ए.एस. जैसी परीक्षा में भाग लेने से लेकर सफलता हासिल करने तक की बात बताते हुए हर सम्भव उनके साथ खडे रहने की बात की। तथा सभी का आभार व्यक्त किया।



ललिता.सी.ओ.इन्सपेक्टर ,निपल ने अपने भाषण में मातृशक्ति के रूप में बालिका शिक्षा पर जोर दिया।मंच संचालन घीसाराम बिजोवा द्वारा किया गया।कार्यक्रम में सीरवी जागृति संस्था के अध्यक्ष पुखराज वर्फा, पूर्व अध्यक्ष बाबुलाल हाम्बढ़,सचिव उम्मेदजी बुसी सहित सम्पूर्ण कार्यकारिणी ,श्री आईजी क्षत्रिय सीरवी विकास सेवा समिति गेनाराम सोलंकी बाली सहित समस्त कार्यकारिणी शिक्षाविद् ओटाराम परमार बाली , नेनाराम काग बाली, मूलाराम गेहलोत बाली, मांगीलाल सिंदरा बंधु ,पदमपुरा सीरवी ज्वेलर्स नाडोल पोमाराम आर.आई . रानी आईजी शिक्षण संस्था के अध्यक्ष सुजाराम व सचिव लखमाराम बडौद , चौधरी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बाली ,कैन्हयालाल बाली , प्रभुराम जी चांचौडी , मेट्रो प्रिंट बाली सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।अंत में प्रो उम्मेद चौधरी गिराली ने अपने भाषण में आगांतुक सभी मेहमानों का सम्पूर्ण गांव की ओर से आभार व्यक्त किया।

# मौं मंडल की दो 33राशन की दुकानों पर जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अन्न उत्सव कार्यक्रम में भाग लिया

**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग,**
**पुष्पांजली टुडे**

**मौं।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन 17 सितंबर से सेवा और समर्पण अभियान के तहित जो कार्यक्रम आयोजित हुए उसी के तहत अंतिम कार्यक्रम 7 अक्टूबर को अन्न उत्सव के रूप में उचित मूल्य की राशन दुकानों पर हितग्राहियों को मुफ्त राशन देखकर मनाया गया ।इस अबसर पर हितग्राहियों ने देश के पीएम के नाम पोस्ट कार्ड पर धन्यबाद ओर आभार लिखकर पीएम आवास के लिये भेजा।भारतीय जनता पार्टी मंडल मौं ने 33 राशन की दुकानों पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी की ओर से एक प्रभारी एवं एक सह प्रभारी की ड्यूटी लगाई थी जिससे गरीबों को राशन मिल सके एंव उनसे चर्चा हो सके।इस अबसर पर ग्राम ग्राम पंचायत बडैरा एवं शशांक जैन मौं एवं अन्य सभी दुकानों पर राशन सामुहिक रूप से बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य सिमित सद्स्य एंव भिण्ड के प्रभारी जय प्रकाश राजोरिया जी एवं विशेष अतिथि के रुप में बरिष्ठ नेता राकेश शर्मा एंव अध्यता मौं मण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने की एंव इस अबसर पर मण्डल महा मंन्त्री राजू मिश्रा सुल्तान मौर्य डां बेताल गोड शुभंम राठौर सोनू खां प्रदीप कुशबाह राजू गोड इस अवसर पर उपस्थित हितग्राहियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जय प्रकाश राजोरिया ने कहा जिस देश



के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांव गरीब किसान मजदूर की रात दिन चिंता करने वाले प्रधानमंत्री हैं उनका उद्देश्य गरीब को समाज की मुख्यधारा में उन्नति की ओर ले जाने का है इसके लिए वह रात दिन मेहनत कर रहे हैं हमें खुशी है इस बार उनके जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सेवा एवं समर्पण दिवस के रूप में मना कर समाज के अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंचने की कोशिश की है इसी प्रकार ग्राम जमदारा मै मण्डल उपाध्यक्ष रामख्तयार गुर्जर राजू शर्मा प्रकाश कुशबाह सुरेन्द शर्मा छेकुरी में रघुबीर पबैया रवी बघेल शेलेन्द गुर्जर गुरूयायची मै रामकुमार जाजौन रिकूं जादोन राजेन्द गोड इसी तरह हर में राशन की दुकानों पर पार्टी के बरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहे धर्मेन्द राणा सोनू शर्मा बबली यादव नन्दू सोनी बिमल कुशबाह कोमल यादव बीरेन्द यादव रामू कुशबाह बेताल कुशबाह शिशुपाल यादव मुरारी यादव ओमी पवैया बिनोद शर्मा बिजेन्द सिंह पटेल मेहबूब खां बकील यादव नरेन्द तोमर रामजीलाल शर्मा गिर्राज राणा केशब गुर्जर रघुराज जितरबई मुन्ना गुर्जर जगत सिंह कुशबाह महेन्द परिहार मंगल परिहार मुन्ना जादोन कोक सिंह कुशबाह बालाप्रसाद शर्मा बेनिराम कुशबाह नीटू यादव अमित गुर्जर महेंद्र सिंह यादव बमरौली रामू कुशवाह आदि पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राशन की दुकान पर जाकर राशन वितरण कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाग लिया एवं केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की शिवराज सिंह सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में हितग्राहियों को समझाया ।



# वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत दीवाल पेंटिंग प्रतियोगिता सम्पन्न

**जिले के स्कूल, कॉलेज के छात्रों ने लिया भाग**
**उमाकान्त शर्मा भिण्ड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिले में वन्यजीव संरक्षण सप्ताह 2021 चल रहा है इसके अंतर्गत जंगली जानवरों को बचाने की आवश्यकता है यह सप्ताह अक्टूबर माह में 1 तारीख से लेकर 8 तारीख तक मनाया जाता है।जिसमे लोगों को वन्यप्राणी के लिये जागरूकता अभियान चलाया जाता है।इस सप्ताह में दीवाल पर चित्र बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।भिण्ड जिले में म. प्र. टाइगर फाउंडेशन सोसाइटी एवं वन विभाग द्वारा दीवार पर पेंटिंग बनाकर लोगों को वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरुक बनाना है।इस प्रतियोगिता में स्कूल, कॉलेज एवं अन्य वर्ग के प्रतियोगियों ने भाग लिया।तथा वन विभाग की महिला अधिकारी सपना विशोरिया ने बताया कि आजकल आवासीय क्षेत्रों का विस्तार हो रहा है जिससे जंगल विलुप्त होते जा रहे है।आज के दौर में वन को और वन्यजीवों को वचाने की बहुत आवश्यकता है इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों में शा. हा. अकलोनी से आलोक सिंह नरवरिया के मार्गदर्शन में संजना शाक्य, शिवानी नरवरिया ने भाग लिया वहीं कुसुम बाई कॉलेज,शा. गर्ल्स कॉलेज भिण्ड, शा.उत्कृष्ट विद्यालय क्र.1,सिटी सेंट्रल, जैन कॉलेज,शा. उ. मा. विद्यालय विलाव आदि के छात्रों ने भाग लिया।

**वन विभाग के अधिकारी भी रहे शामिलः** वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह2021 के दीवार पेंटिंग प्रतियोगिता के दौरान वैन विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।उनकी देखरेख में छात्रों ने दीवरों पर चित्रांकन किया।वन विभाग की वन प्रशिक्षिका सपना विशोरिया,वनरक्षक शिवप्रताप सिंह चौहान, दुर्गेश सिंह राजावत व अन्य स्थाईकर्मी मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन से पकड़ाया 65 लाख का सोना: ग्वालियर में जीआरपी ने दो युवकों को पकड़ा, 1 किलो 800 ग्राम सोना मिला

**ग्वालियर।** ग्वालियर में 65 लाख का सोना लेकर उत्तर प्रदेश के ललितपुर में खपाने जा रहे दो लोगों को रेलवे स्टेशन से GRP ने पकड़ा है। प्लेटफॉर्म पर दो युवक काले रंग का बैग लेकर प्लेटफॉर्म पर खड़े थे। GRP पुलिस को संदेह हुआ तो दोनों को बुलाकर पूछताछ की। बैग को चैक किया तो उसमें 1किलो 800 ग्राम सोने के गहने निकले हैं। जब GRP ने इन जेवरातों के बिल या अन्य दस्तावेज मांगे तो उनके पास नहीं थे। फिलहाल GRP ने गहनों को जब्त कर दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस को आशंका है कि यह गोल्ड हवाला के कारोबार का है। बिना बिल व अन्य टैक्स के माल यहां से वहां किया जाता है। GRP पुलिस को खबर मिली थी कि कुछ लोग सोना लेकर शहर से बाहर जाने वाले हैं। वह स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रहे है। खबर मिलते ही GRP सक्रिय हुई। मुखबिर द्वारा बताए गए ठिकाने पर पहुंचे तो दो युवक संदिग्ध नजर आ गए। उनके पास एक बैग भी था। इससे पहले कि वह भागते GRP ने उन दोनों को निगरानी में ले लिया। पुलिस को अचानक सामने देखकर दोनों कांप गए।





पुलिस ने पूछा तो हडबड़ाने लगे। बैग की तलाशी ली तो उसमें कपड़ों के नीचे सोने के जेवरात भरे हुए थे। उनका वजन किया तो वह 1 किलो 800 ग्राम निकले हैं। GRP की टीम दोनों को थाने ले आई। पूछताछ में युवकों की पहचान रवि, पवन रावत निवासी माधौगंज के रूप में हुई है। उनके पास से 65 लाख के जेवर बरामद हुए।

**सराफा से माल लेकर निकले थे:** GRP की गिरफ्त में आए रवि और पवन नाम के युवक सराफा में डीएस ज्वेलर्स के यहां काम करते है। उन्होंने बताया कि ज्वेलर्स ने उन्हें सोने के गहने दिए थे। उन्हें ललितपुर लेकर जाने को कहा था। इन गहनों को बैग में लेकर वह शताब्दी से जाने वाले थे। इससे पहले कि वह ट्रेन में सवार होते GRP को भनक लग गई और उन्हें पकड़ लिया गया।

**यूपी के सराफा में खपाना था माल:** पूछताछ मे पता चला है कि इन आभूषणों को ललितपुर में कई सुनारों के यहां खपाना था। उनसे ऑर्डर भी लेकर आना था, लेकिन ललितपुर के किन सुनारों को यह सोना देना था इस पर यह दोनों अभी चुप्पी साधे हुए है। पुलिस पूछताछ कर पता कर रही है कि सुनार कौन से है जो इनसे सोना लेते थे। पुलिस को यह पूरा मामला सोने के हवाला का लग रहा है। जिसमें बिना बिल, सिक्योरिटी और टैक्स के माल एक शहर से दूसरे शहर और प्रदेश में पहुंचाया जाता है।

## नैनो न्यूज

### आतिशबाजी दुकानों के लायसेंस के लिए आवेदन 15 अक्टूबर तक मान्य होंगे मेला परिसर में लगेंगीं आतिशबाजी की अस्थायी दुकानें

**ग्वालियर।** दीपावली त्यौहार पर पिछली सालों की तरह इस साल भी ग्वालियर व्यापार मेला प्रांगण में आतिशबाजी की अस्थायी दुकानें लगाने के लिये लाइसेंस जारी किए जायेंगे। डबरा, भितरवार व घाटीगांव (मोहना) क्षेत्र में संबंधित एसडीएम द्वारा पूर्व में निर्धारित स्थलों पर भी आतिशबाजी दुकानें लगाई जा सकेंगीं। इस साल दीपावली 4 नवम्बर को मनाई जायेगी। अपर जिला दण्डाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आतिशबाजी लायसेंस के लिये आवेदन पत्र लेने का कार्य 7 अक्टूबर से शुरू हो चुका है। आवेदन पत्र 15 अक्टूबर तक प्रातः 11 बजे से 1.30 बजे तक निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत किए जा सकेंगे। आवेदन पत्र के साथ पूर्व में जारी मूल लायसेंस, दो फोटोग्राफ, निवास स्थान के संबंध में संबंधित थाना प्रभारी का प्रमाणीकरण, मूलनिवासी पत्र, राशनकार्ड, बिजली का बिल अथवा टेलीफोन बिल की छायाप्रति और शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। साथ ही निर्धारित 500 रूपए शुल्क के रूप में चालान द्वारा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शीर्ष 0070 अन्य प्रशासनिक सेवायें विविध आतिशबाजी में जमा कर मूल प्रति प्रस्तुत करना होगी। शपथ पत्र की शर्तों एवं अन्य जानकारी के लिये अपर जिला दण्डाधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। आतिशबाजी दुकानों के लायसेंस के लिए प्राप्त हुए आवेदनों की सूचना का प्रकाशन 18 अक्टूबर को तथा दुकानों का लॉटरी द्वारा आवंटन 21 अक्टूबर को किया जाएगा।

### करोड़पति निकला सहायक प्रबंधक, पेड़ के सहारे घर में पहुंची ईओडब्ल्यू की टीम

**ग्वालियर।** आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ईओडब्ल्यू की टीम ने संभाग के शिवपुरी जिले में फतेहपुर रोड विजयपुरम में रहने वाले सहकारी साख समिति के सहायक प्रबंधक के यहां छापामार कार्रवाई की कार्रवाई के दौरान ईओडब्ल्यू की टीम को सहायक प्रबंधक के बाद से करोड़ों की संपत्ति के दस्तावेज तथा नगदी और गहने मिले हैं ।जानकारी के अनुसार ईओडब्ल्यू को सूचना मिली थी कि सहकारी साख समिति के सहायक प्रबंधक माधुरी शरण भार्गव ने आय से अधिक संपत्ति जमा कर रखी है ।इसी सूचना के आधार पर ईओडब्ल्यू की टीम आज सुबह माधुरी भार्गव के घर पहुंची ।माधुरी का बेटा प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था इसलिए टीम प्रॉपर्टी खरीदने के बहाने उसके यहां आई और दरवाजा खटखटाया। लेकिन माधुरी शरण भार्गव को शक हो गया और उसने दरवाजा नहीं खोला ।इस पर ईओडब्ल्यू की टीम पेड़ के सहारे उसके घर में घुसी और कार्रवाई की इस दौरान टीम को माधुरी के घर से कई मकानों तथा जमीन के कागजात नगदी और गहने के साथ कार दो मोटरसाइकिल एक्टिवा के साथ अन्य सामान भी मिला है ।प्रारंभिक जांच में पता चला कि माधुरी शरण 1995 में सहायक सेल्समैन के रूप में भर्ती हुआ था तब उसका वेतन ?500 था ।आज उसका वेतन 12500 है। ईओडब्ल्यू की टीम ने दस्तावेज तथा गहने नगदी जप्त कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### घर से भागी युवती ट्रेन में बिना टिकट मिली

**ग्वालियर।** निजामुद्दीन चेन्नई एक्सप्रेस में घर से भागी एक युवती को आरपीएफ ने पकड़ कर वन स्टॉप सेंटर भेजा है। जानकारी के अनुसार हजरत निजामुद्दीन चेन्नई एक्सप्रेस की स-5 कोच में एक युवती बिना टिकट यात्रा कर रही थी। तभी चेकिंग स्टाफ ने उसे पकड़ लिया इसके बाद आरपीएफ को सूचना दी ।आरपीएफ ने युवती को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम शिवांगी पुत्री राजू यादव निवासी आसाम ।युवती का कहना था कि वह घर वापस नहीं जाना चाहती है । आरपीएफ ने उसे वन स्टॉप सेंटर भेज दिया है।

# कोचिंग सेंटर के ताले चटकाए: ग्वालियर में कोचिंग सेंटर पर दराज में रखे 4 लाख रुपए ले गए बदमाश

**ग्वालियर।** ग्वालियर में चोरों ने एक कोचिंग सेंटर को निशाना बनाया है। बदमाश यहां दराज में रखे 4 लाख रुपए ले गए। चोरों ने यहां लगे कैमरों को तोड़ने का प्रयास भी किया। वारदात सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई है। सुबह जब कोचिंग संचालक ने ताले टूटे देखे, तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर जांच-पड़ताल की। घटना ग्वालियर थाना क्षेत्र के किरार प्लाजा की है।

ग्वालियर थाना क्षेत्र के किला गेट रोड स्थित किरार प्लाजा में आशुतोष अवस्थी का कोचिंग सेंटर है। बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात 3.24 के करीब दो अज्ञात बदमाशों ने चेहरा ढंककर कोचिंग सेंटर का ताला तोड़ दिया। दराज में रखे 4 लाख रुपए का कैश चुराकर फरार हो गए। ताला तोड़ने से लेकर कैश पॉकेट में रखने की वारदात कोचिंग सेंटर पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई, लेकिन चेहरे ढंके होने के कारण बदमाशों की पहचान नहीं की जा सकी है। एक बदमाश के बाएं पैर में किसी चोट के कारण बैंडेज लगी देखी गई है। इसी आधार पर पुलिस अपने मुखबिरों को सक्रिय कर रही है। जिस तरह से युवकों ने वारदात को अंजाम दिया है, उससे यह माना जा रहा है कि कोचिंग में रखे कैश के




बारे में बदमाशों को पूरी जानकारी थी। उन्होंने ताला तोड़ने के बाद सीधे दराज में रखे कैश को उड़ाया है। बाकी किसी चीज से उन्होंने छेड़छाड़ नहीं की है।

**सुबह कोचिंग आने पर चोरी का पता चला:** सुबह जब अवस्थी कोचिंग के संचालक आशुतोष अवस्थी अपने सेंटर पहुंचे तो उन्हें मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ मिला। वारदात समझते उन्हें देर नहीं लगी। उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस के साथ घटनास्थल का एफएसएल की टीम ने निरीक्षण भी किया है। फिलहाल बदमाशों के बारे में कोई सुराग नहीं लगा है। वहीं पुलिस सीसीटीवी कैमरे के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

**प्रॉपर्टी खरीदने के लिए रखे थे रुपए:** कोचिंग संचालक आशुतोष अवस्थी का कहना है कि सेंटर में रखे 4 लाख रुपए चोर चुराकर भाग गए। वहीं चोरों ने कोचिंग के अंदर लगे कैमरों को तोड़ने का भी प्रयास किया। चोरी की वारदात कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। सुबह जब कोचिंग के ताले टूटे देखे तो पुलिस को इसकी सूचना दी। कोचिंग संचालक ने बताया कि उन्होंने यह रुपए नई प्रॉपर्टी खरीदने के लिए रखे हुए थे। ग्वालियर थाने के सीएसपी नागेन्द्र सिंह सिकरवार ने बताया है कि किला गेट रोड स्थित के किरार प्लाजा में अवस्थी कोचिंग सेंटर बना हुआ है, जिस में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर 4 लाख रुपए के करीब चोरी कर ले गए हैं।

# वर्तमान सरकार में जनहित के किसी भी काम में देरी नहीं होती: केन्द्रीय मंत्री तोमर

### मंत्री के मुख्य आतिथ्य में सेवा-संकल्प पखवाड़े का समापन 71 हजार पौधे रोपे

**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मुरैना व श्योपुर जिले में मनाए जा रहे सेवा संकल्प पखवाड़े का समापन समारोह केन्द्रीय कृषि व किसान कल्याण मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद श्री नरेन्द्र सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर नईदिल्ली से वर्चुअल इस कार्यक्रम से जुड़े। सेवा संकल्प पखवाड़े का समापन मुरैना व श्योपुर जिले में 71 हजार फलदार पौधों का रोपण व सब्जियों के बीज वितरण के साथ हुआ। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार में जनहित के किसी भी काम में कभी देरी नहीं होती। चाहे वह कोरोना से बचाव के लिये वैक्सीनेशन की बात हो या देशभर में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करना हो। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों के बैंक खातों में राशि पहुँचाना हो व उज्ज्वला योजना से योजना का लाभ जरूरतमंदों को दिलाना हो या स्वच्छ भारत मिशन के काम हों या फिर स्वामित्व योजना द्वारा ग्रामीण आबादी को उनके घर का मालिकाना हक प्रदान करना हो। जनता की भलाई से जुड़े ये सभी काम त्वरित गति से और पारदर्शितापूर्वक अंजाम दिए जा रहे हैं। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजनता तक सीधे पहुँच रहा है।




### नैनो यूरिया का ड्रोन द्वारा कराएँ छिड़काव

केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने इस अवसर पर मुरैना व श्योपुर जिलों के कलेक्टर्स से कहा कि इफको द्वारा विकसित नैनो यूरिया का ड्रोन द्वारा खेतों में छिड़काव कराएँ, इससे पर्यावरण की रक्षा के साथ-साथ पानी की भी बचत होगी। साथ ही खेती की लागत कम आएगी व मिट्टी की गुणवत्ता बेहतर होने से उत्पादकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि बीज वितरण का उद्देश्य यह है कि ग्रामीण अपने निवास के आस-पास ही जैविक सब्जियां उगा सकें, जिससे उन्हें भोजन में पोषक तत्व मिलें।

### 10 हजार नए एफपीओ और एक लाख करोड़ का कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड

सेवा संकल्प पखवाड़े के समापन समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि भारत सरकार ने खेती किसानी को बढ़ावा देने के लिये अनेक ठोस उपाय किए हैं। सरकार द्वारा 10 हजार नए एफपीओ भी बनाए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से किसान मिलजुलकर खेती करेंगे, तो उन्हें काफी सुविधायें मिलेंगीं व लाभ भी अधिक होगा। श्री तोमर ने केन्द्र सरकार द्वारा शुरू किए गए एक लाख करोड़ रूपए के कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड का भी अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील किसानों से की। साथ ही कहा कि बागवानी के लिये ग्वालियर में केन्द्रीय बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय खुलने से किसानों को काफी सुविधा होगी। वहीं नूराबाद में इजराइल के सहयोग से बागवानी का उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किया जा रहा है। केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि ग्वालियर व मुरैना जिले कृषि की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। साथ ही जनप्रतिनिधियों का आह्वान किया कि वे योजनाओं का लाभ दिलाकर किसानों की मदद करें। उन्होंने कहा खेती की लागत कम करने और आय बढ़ाने के लिए किसान महँगी फसलों को अपनाएँ और तकनीक से जुड़कर उन्नत खेती करें।

### समापन समारोह में इनकी रही मौजूदगी

विधायक जौरा श्री सूबेदार सिंह रजौधा, विधायक अम्बाह श्री कमलेश जाटव, पूर्व मंत्री श्री मुंशीलाल व पूर्व राज्य मंत्री श्री गिर्राज डण्डौतिया, जिला पंचायत प्रशासकीय समिति की अध्यक्ष श्रीमती गीता हरषाना और मुरैना भाजपा जिला अध्यक्ष श्री योगेश पाल गुप्ता व श्योपुर भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र जाट सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और इफको के सीएमडी श्री यूएस अवस्थी ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में केन्द्रीय मंत्री श्री तोमर सहित सभी लोगों ने सबलगढ़ निवासी पूर्व विधायक श्री अजीत दीक्षित के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रृद्धांजलि अर्पित की।

### चिड़ियाघर को करें और अधिक विकसित, वन्य प्राणियों की संख्या बढाएं: निगमायुक्त

**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने गुरुवार को गांधी प्राणी उद्याना (चिडियाघर) का निरीक्षण किया तथा चिडियाघर को और अधिक आकर्षक व विकसित करने तथा वन्यप्राणियों की संख्या बढाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री संजय मेहता, जू क्यूरेटर गौरव परिहार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। चिड़ियाघर के निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त श्री कन्याल ने चिड़ियाघर परिसर में रंगाई पुताई कराने एवं और आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नाले के पास वाली जमीन पर फलाईओवर का काम हो चुका है अब इस स्थान को विकसित करने तथा कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। वहीं चिड़ियाघर के मुख्यद्वारा का फ्रंट एलीवेशन पर आवश्यक कार्य कराए जाने को कहा।

# 31 घंटे बाद मिला वैष्णवी का शव: इंदरगढ़ में तीनों किशोरियों के शव मिले



**ग्वालियर/दतिया।** इंदरगढ़ तहसील के उचाड़ गांव में बुधवार को तीन किशोरियों की सिंध नदी में डूबने से मौत हो गई। रेस्क्यू के द्वारा 2 किशोरियों के शव को रेस्क्यू कर लिया गया था। इसके बाद सिंध नदी में डूबी वैष्णवी 17 पुत्री जनवेद बघेल का शव हादसे के पूरे 31 घंटे बाद शाम 5 बजे एनडीआरएफ टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन कर नदी से निकाल लिया। इसी दौरान इंदरगढ़ तहसीलदार सुनील भदौरिया द्वारा एनडीआरएफ टीम को निर्देश दिए जा रहे थे, तो वहीं एनडीआरएफ टीम की महिला अफसर भड़क उठीं और दोनों में काफी बहस हुई। शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। इससे पहले उचाड़ गांव पहुंचकर कलेक्टर संजय कुमार ने मृतक बच्चियों के परिवार जनों से मुलाकात कर उनका दर्द बांटा। एसपी अमन सिंह राठौड़, इंदरगढ़ तहसीलदार सुनील भदौरिया साथ रहे। कलेक्टर ने पीड़ित परिजनों को 4 लाख रुपए की सहायता देने की घोषणा की। वैष्णवी के पिता ने बेटी को जल्द ढूंढ़ निकालने की गुहार कलेक्टर से लगाई थी। रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए कलेक्टर के निर्देश पर 2 टीमें और बुलाई गईं। शाम 5 बजे नदी में वैष्णवी का शव मिल गया। रेस्क्यू के दौरान एनडीआरएफ की टीम के साथ तहसीलदार की बहस होने का वीडियो भी सामने आया है। रेस्क्यू के समय इंदरगढ़ तहसीलदार सुनील भदौरिया एनडीआरएफ टीम को निर्देश दे रहे थे, इस दौरान एनडीआरएफ टीम की महिला अफसर से तहसीलदार की बहस हो गई। बुधवार को गोराघाट थाना क्षेत्र के उचाड़ गांव में विगत दिन मामुलिया विसर्जित करने गईं तीनों किशोरियां पानी में डूब गई थीं। वहीं वीडियो को लेकर तहसीलदार सुनील भदौरिया ने बताया कि यह वीडियो बेकार है। इस वीडियो को किसी व्यक्ति द्वारा बना लिया गया है और उसको गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया है। वीडियो में जो दिखाने का प्रयास किया जा रहा है, वैसा कुछ भी नहीं हुआ था।

# रिटायर्ड महिला टीचर से लूट: पीड़िता बोली- घर में घुसे दो बदमाशों ने दुपट्टे से मुंह बंद कर मारपीट की

**ग्वालियर।** ग्वालियर में रिटायर्ड महिला टीचर के घर में घुसे दो बदमाशों ने दुपट्टे से मुंह बंद कर मारपीट कर सोने के तीन तोला वजनी कड़े व दो हजार रुपए लूट ले गए। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वारदात जनकगंज थाना क्षेत्र के न्यू शांति नगर की है। जनकगंज थाना क्षेत्र के न्यू शांति नगर में रहने वाली प्रतिभा भटनागर (70) रिटायर्ड टीचर हैं। वह अकेली रहती हैं। उनके साथ ही महिला व उनकी बच्ची उनकी देखरेख के लिए रहती है। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे बच्ची दूसरी मंजिल पर स्थित कमरे में खाना खाने गई थी। बुजुर्ग कमरे में आराम कर रही थीं। इस दौरान दो बदमाश आए। दुपट्टे से उनका मुंह बंद कर मारपीट की। दो हजार रुपए के साथ ही हाथ में पहने तीन




तोला वजनी सोने के कड़े उतार लिए। वहीं, घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल करने के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

**लूटकर दी जान से मारने की धमकी:** वारदात के बाद बदमाशों ने रिटायर्ड प्रधानाध्यापक को मुंह से आवाज निकालने पर जान से मारने की धमकी दी। वहां से दौड़ लगा दी। बदमाशों के भागते ही पीड़िता ने मुंह खोला और शोर मचाया। शोर सुनते ही खाना खा रही युवती व डॉग आया, लेकिन तब तक आरोपी भाग निकले। वारदात का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

**बुजुर्ग महिला ने बताया बदमाशों का हुलिया:** पीड़िता महिला ने बताया कि दोनों बदमाशों की उम्र करीब 22 से 25 के बीच थी। बदमाशों ने आते ही उनका मुंह बांध दिया था, लेकिन जब वह भागे तो खिड़की में से उन्होंने देखा तो एक बदमाश लाल टीशर्ट और पीला लोअर पहने था। जनक गंज थाना सीएसपी आत्माराम शर्मा का कहना है कि क्राइम ब्रांच टीम लगाई गई है।

## बैंक में फौजी का थैला काटकर उड़ाए 50 हजार, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**ग्वालियर।** जिले के मुरार में बैंक के अंदर दो बदमाश एक रिटायर्ड फौजी का थैला काटकर 50 हजार रुपए चुरा ले गए। लाइन में फौजी के पीछे दो लोग खड़े थे, जिन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। बैंक में लगे सीसी टीवी कैमरों में दोनों आरोपी वारदात को अंजाम देते हुए कैद हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।



**सेना से रिटायर्ड है बुजुर्ग:** मुरार के माल रोड स्थित एसबीआई बैंक में बालाजीपुरम के रहने वाले सेना से रिटायर्ड नरेश रावत पैसे निकालने गए थे। कुछ देर बाद जब उन्होंने अपने थैले को देखा तो उसमें रखे 50 हजार रुपए गायब थे। रकम चोरी होने पर उन्होंने बैंक के अधिकारीयों से बात की। चोरी की खबर से बैंक में हंगामा मच गया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो दो संदिग्ध लोग नजर आए। पुलिस को शक है कि इन्हीं ने चोरी की है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर दोनों अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है।

**पुलिस ने जल्द चोरों को पकड़ने की कही बात:** मुरार थाना प्रभारी शैलेंद्र भार्गव का कहना है कि बैंक से सूचना आई थी सेना से रिटायर्ड फौजी के थैले को काट कर 50 हजार लेकर फरार हो गए। मौके पर जाकर हमने बैंक में लगे सीसीटीवी चेक किए, उसमें दो अधेड़ उम्र के संदिग्ध दिखाई दे रहे हैं। इनकी तलाश की जा रही है, जल्द उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478